हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 4 अक्टूबर 2026

102 दिन सक्रिय रहने के बाद लौटा मानसून, अंचल में औसत से बेहतर बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इस बार करीबन दस दिनों की देरी से 24 जून को दस्तक देने वाला मानसून अब अंचल से लौट गया है। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को अंचल से मानसून की विदाई दर्ज की गई। ज्ञात हो कि इस बार करीबन 102 दिन तक प्रभावी रहे मानसून के दौरान राजनांदगांव जिले में औसत से बेहतर बारिश देखने को मिली है। वहीं केसीजी जिला भी औसत से बेहतर स्थिति में रहा। हालांकि वनांचल जिला एमएमसी इस बार औसत बारिश से काफी पीछे रह गया।

अलग खबर

मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून के लौटने का सिलसिला चार दिन पहले ही शुरू हो गया था। प्रदेश में पिछले दो दिनों से बस्तर से होते हुए विदाई शुरू हुई थी। राजनांदगांव सहित खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और मोहला-मानपुर-चौकी जिले में भी शनिवार को विदाई दर्ज कर ली गई है। ज्ञात हो कि इस बार ऐसा बताया गया था कि अंचल में मानसून की दस्तक डेढ़ दशक में सबसे देरी से हुई थी। ऐसे में मानसून के दौरान अल्प वर्षा को लेकर भी चिंताए बढ़ गई थी, लेकिन राजनांदगांव और केसीजी जिले में औसत से अधिक बारिश होने से किसानों सहित आम लोगों को भी राहत मिली है। हालांकि इधर मानसून के लौटते ही अंचल में तापमान तेजी से चढ़ा है, शहर से लेकर गांव तक धुप तेज देखने को मिल रही है। विभाग के अनुसार इस माह के अंत तक तापमान के नीचे जाने की संभावना है।

मानसून सीजनः अंचल में 24 जून को दी थी मानसून ने दस्तक, शनिवार को हुई वापसी

नांदगांव में 102% बारिश

बारिश के सरकारी आंकड़ों के अनुसार राजनांदगांव जिले में इस बार मानसून के सीजन में कुल 1002 मिमी बारिश हुई है, जो औसत के मुकाबले 102 फीसदी है। वहीं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में 873 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो औसत 832 मिमी से लगभग पांच प्रतिशत अधिक है। वहीं मोहला-मानपुर-चौकी जिला अपनी औसत 1308 मिमी बारिश से 23 फीसदी पीछे रह गया। यहां इस मानसून में 1007 मिमी बारिश दर्ज की गई।



बेहतर उत्पादन की किसानों को उम्मीदें

इस बार भी मानसून में औसत से अधिक बारिश होने का असर फसल पर देखने को मिला है। किसानों के मुताबिक इस बार भी धान सहित अन्य फसल की ग्रोथ बेहतर देखने को मिली है। उम्मीदें है कि पिछले साल की तरह ही इस बार भी बंपर उत्पादन होगा।

सबसे गर्म रहा अंचल

इधर मानसून के थमते ही तापमान ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। गर्मी के मौसम में प्रदेश में अधिकांश दिनों में सबसे गर्म रहने वाला राजनांदगांव फिर से प्रदेश में सबसे गर्म शहर बन गया है। शनिवार को 34.5 डिग्री तापमान के साथ राजनांदगांव प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा। हालांकि रात के समय ठंडी हवाएं चलने का दौर शुरू हो गया है। जिससे कुछ राहत जरूर मिली है।

आवश्यकता है
डोंगरगढ़ आफिस कार्य हेतु पार्ट टाईम कम्प्यूटर ऑपरेटर की (प्रतिदिन 3 घंटे हेतु) जो कि Tally & Sale Purchase का जानकार हो।
वेतन 7000/- रू. प्रतिमाह
संपर्क करें 7470870092

माए एंगल



कार सवार तीनों दोस्त सुरक्षित, आगे की जांच में जुटी पुलिस टीम

नांदगांव में फिल्म देखकर गोंदिया लौटते खड़ी मोपेड से टकराई कार, जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ क्षेत्र में बीती रात एक कार खड़ी मोपेड से जा टकराई। जिससे कार व बाइक दोनों धूं-धूं कर जल उठे। इस घटना में कार सवारों को सुरक्षित बताया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोंदिया क्षेत्र से एक ईव्ही कार में सवार होकर तीन लोग राजनांदगांव आए हुए थे। यहां फिल्म इत्यादी देखकर वे वापस लौटते समय डोंगरगढ़ दर्शन के लिए जाने लगे। उनकी कार मुरमुंदा रोड के पास एक ढाबा के करीब पहुंची ही थी कि कार एक खड़ी मोपेड से जा टकराई।

खास बातें
- मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने जा रहे थे डोंगरगढ़
- शुक्रवार-शनिवार दरम्यानी रात कार और स्कूटी के बीच जोरदार टक्कर
- जांच में जुटी पुलिस



जांच में जुटी पुलिस

बताया गया कि इस मामले के सामने आने के बाद अब डोंगरगढ़ पुलिस ने भी अपनी जांच शुरु कर दी है। टीम वाहन के मालिक का पता लगाने और पंजीयन संबंधी जांच में जुट गई है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि स्कूटी किसकी है और हादसे के वक्त उसे कौन चला रहा था। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि दोनों वाहनों की टक्कर किन परिस्थितियों में हुई। बताया गया कि दोनों वाहन इस घटना में बूरी तरह से जल गए है।

क्षेत्र में सनसनी

बताया जाता है कि मोपेड को ठोकर मारते ही कार में अचानक आग लग गई, जो मोपेड को भी अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं फायर बिग्रेड की टीम भी पहुंची, लेकिन कार मोपेड दोनों बुरी तरह जल चुके थे। बताया गया कि कार में गोंदिया क्षेत्र के तीन लोग सवार थे, जो सुरक्षित हैं। इधर इस घटना की जानकारी जैसे ही आसपास के ग्रामीणों को हुई, सनसनी फैल गई थी। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

वाहन चोरी के आरोपी पर पुलिस का एक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाइक चोरी के मामले की जांच पड़ताल करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर बाइक बरामद की है।



पुलिस के अनुसार डोंगरगांव पुलिस क्षेत्र अंतर्गत 2 अक्टूबर को प्रार्थी लुलेश कुमार निषाद 33 वर्ष निवासी ग्राम बरगांव द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 30 सितंबर को वह अपनी मोटर साइकिल एचएफ डिलक्स को साहू वेल्डिंग दुकान चौकी रोड के पास खड़ी कर कृषि उपज मंडी गया था। वापस आने पर मोटर साइकिल उक्त स्थान से गायब मिली। रिपोर्ट पर थाना डोंगरगांव में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस के अनुसार विवेचना के दौरान घटनास्थल एवं आसपास के मार्गों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का अवलोकन किया गया। फुटेज के आधार पर संदेही बीनू विश्वकर्मा उर्फ विनोद विश्वकर्मा को पकड़कर पूछताछ की गई। पूछताछ में उक्त मोटर साइकिल चोरी करना तथा चोरी की मोटर साइकिल को अपने घर के आंगन में छिपाकर रखना बताया गया। आरोपी की निशानदेही पर कॉलेज रोड वार्ड क्रमांक 10 स्थित उसके घर से चोरी की गई मोटर साइकिल एचएफ डिलक्स बरामद कर विधिवत जब्त की गई। आरोपी बीनू विश्वकर्मा उर्फ विनोद विश्वकर्मा 30 वर्ष को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।



खबर संक्षेप

नपं कार्यालय एवं तहसील साहू भवन स्वीकृत

डोंगरगढ़। नगर पंचायत लाल बहादुर नगर के नवीन कार्यालय भवन के लिए 52.72 लाख एवं तहसील साहू समाज के भवन निर्माण के लिए 19.67 लाख की स्वीकृति मिली है। इस मंजूरी के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू, तहसील साहू समाज अध्यक्ष गिरवर साहू, जिलाध्यक्ष नोबल साहू एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ निरेन्द्र साहू ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त किया है। देवेन्द्र साहू ने कहा कि नवीन कार्यालय भवन बनने कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करने की सुविधा मिलेगी।



45 पेटी शराब और स्कॉर्पियो जब्त, आरोपी फरार

डोंगरगढ़। आबकारी विभाग ने मध्यप्रदेश निर्मित अंग्रेजी शराब की 45 पेटियां जब्त की है। शराब परिवहन में इस्तेमाल की जा रही स्कॉर्पियो को भी जप्त कर लिया है। विभाग को शराब की खेप आने की सूचना मिलने पर झिंझारी और मडियान के बीच नाकेबंदी कर स्कॉर्पियो को रोककर तलाशी ली गई। कार्रवाई के दौरान वाहन में सवार आरोपी मौके से फरार हो गए। आबकारी टीम ने स्कॉर्पियो से अंग्रेजी शराब की करीब 45 पेटियां जब्त किया है।



वार्ड 23 में सड़क का भूमिपूजन

डोंगरगढ़। वार्ड 23 स्थित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक एवं शासकीय राशन दुकान की ओर जाने वाली सड़क के निर्माण का आज भूमिपूजन पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष सौमित्र सोनी ने किया। इस अवसर पर पार्षद सुमित ताम्रकार ने बताया कि यह कार्य तत्कालीन पार्षद शालिनी ताम्रकार के कार्यकाल में स्वीकृत हुआ था जिसके निर्माण की शुरूवात की जा रही है। पं उमेश तिवारी ने विधिवत पूजा अर्चना कर कार्य प्रारंभ कराया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, संध्या देशपांडे, राजू मिश्रा, श्रवण साहू, शेखर विश्वकर्मा, जगदंबा विश्वकर्मा, सत्यम यादव, सतीश यादव, त्रिलोक साहू, हेमंत चौहान, अक्षय यादव, करण यादव, मिथलेश उइके, मयंक डोंगरे सहित अन्य उपस्थित रहे।



पेंशनरों की मांगों पर पत्राचार का निर्णय

डोंगरगढ़। पेंशनर्स महासंघ तहसील शाखा की मासिक बैठक गत दिनों आयोजित की गई। बैठक में पेंशनरों से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए मांगों को शासन तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं पेंशनरों की समस्याओं पर चर्चा की गई। इस दौरान वरिष्ठ नागरिकों को रेल यात्रा में दी जाने वाली 50 प्रतिशत रियायत को पुनः लागू करने एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के दाह संस्कार के लिए 10 हजार अनुग्रह देने के लिए पत्राचार करने का निर्णय लिया गया।



निबंध लेखन स्पर्धा में दीपक प्रथम

जालबांधा। स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन और सहायक प्राध्यापक संजय देवांगन के निर्देशन से हिंदी दिवस मनाया गया । इस अवसर पर प्राचार्य श्री गुप्ता ने कहा कि हिंदी भावनाओं, संस्कृति और विचारों को व्यक्त करने वाली सशक्त भाषा है। उन्होंने विद्यार्थियों को हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग व्यवहारिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों में करने के लिए प्रेरित किया। वाणिज्य विभाग अध्यक्ष संजय देवांगन ने हिंदी को हमारी राजभाषा ,संस्कृत की पहचान और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बताया। सहायक प्रध्यापक मासूम वर्मा ने बताया कि वर्तमान डिजिटल एवं तकनीकी युग में हिंदी के लिए रोजगार और अभिव्यक्ति के अनेक नए अवसर हैं। सोशल मीडिया पत्रकारिता, अनुवाद, कंटेंट लेखन, डिजिटल मीडिया और शिक्षा आदि में हिंदी का प्रयोग निरंतर बढ़ रहा है। इस मौके पर आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम दीपक, द्वितीय हिना वर्मा एवं तृतीय स्थान शशि ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में डॉ नवीनसिंह राजपूत, रवि प्रकाश चतुर्वेदी, रितेश बंजारे, नेमू साहू, पूजा देवांगन, डॉ साधना देवांगन,वासु दुबे, अश्विन गौतम ,शिवम वैष्णव उपस्थित रहे।



चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल

चोरों ने मचाया आतंक, गौशाला-स्कूल को बनाया अपना निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

पैलीमेटा क्षेत्र की ग्राम पंचायत अचानकपुर में चोरों ने दो अलग-अलग जगहों पर धावा बोलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। चोरों ने अचानकपुर स्थित गौशाला को निशाना बनाया। इसके बाद बेखौफ चोर स्कूल परिसर में दाखिल हुए। चोरों ने स्कूल के ताले काटकर अंदर रखी अलमारी के लॉक तोड़कर कीमती सामान पार कर दिया। चोर स्कूल से सीलिंग फैन, एलईडी टीवी, साउंड सेट, ब्लूटूथ स्पीकर, बर्तन, किताबें और लोहे का सामान ले गए। हद तो तब हो गई जब चोरों ने स्कूल के बोर की केबल भी काटकर निकाल लिया।



ग्रामीणों में दहशत

दो स्थानों पर चोरी की घटना से ग्रामीणों में गहरी चिंता और गुस्सा है। ग्रामीणों का कहना है कि चोरी की घटनाओं से असुरक्षा का माहौल पैदा हो गया है, जिससे पुलिस गश्त पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों ने रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने और चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। घटना की सूचना मिलने पर मोहगांव पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है।

मंदिर की दान पेटी ले उड़े चोर

नगर के वार्ड 12 टिकरीपारा निवासी सिविल ठेकेदार राजूलाल देवांगन के घर अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। दिनदहाड़े हुई इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार गत 28 सितंबर को अज्ञात चोरों ने मुख्य द्वार पर लगे लोहे के गेट का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। घर के भीतर स्थित भगवान शंकर और साईं बाबा के मंदिर में रखी दान पेटी को चुराकर ले गए। श्री देवांगन ने बताया कि दान पेटी में पिछले करीब तीन वर्षों से जमा की गई दान राशि थी, जो लगभग 10 हजार होने का अनुमान है। पीड़ित ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है।

जरूरत है भवन की मंजूरी मिली शेड की



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्राम दमऊदाहरा की प्राथमिक शाला परिसर में शेड निर्माण के लिए प्रशासन ने 20 लाख की स्वीकृति दी है। खनिज न्यास मद से स्वीकृत राशि में से पहली किश्त के रूप में 8 लाख जारी कर दिया गया है। इस शेड का निर्माण बस, साइकिल, रिक्शा आदि वाहनों की पार्किंग के लिए जा रहा है जिसे लेकर ग्रामीणों में असंतोष देखा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि प्राथमिक शाला का मौजूदा भवन जर्जर हो चुका है जिसे देखते हुए उसका निर्माण किया जाना बेहद जरूरी है।

दो कमरों में लग रही पांच कक्षाएं

ग्रामीणों के अनुसार वर्तमान भवन में महज दो कमरे हैं, जिसमें पांच कक्षा के बच्चे अध्ययन करते हैं। भवन की स्थिति ऐसी है कि बच्चों की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि प्राथमिकता से स्कूल भवन का निर्माण कराया जाता तो बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलता। ग्रामीणों ने शेड निर्माण के लिए स्वीकृत राशि और कार्य की उपयोगिता पर पुनर्विचार करते हुए स्कूल भवन बनाने की मांग की है।

मीना बाजार के स्थल परिवर्तन की मांग उठी

- टेंडर प्रक्रिया पर लगातार उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नवरात्र के दौरान लगने वाले मीना बाजार को दूसरी जगह स्थानंतरित करने की मांग शहरवासियों ने की है। उल्लेखनीय है कि मीना बाजार के स्थल आबंटन को लेकर विवाद होते रहा है।

मीना बाजार का आबंटन 4 से 5 लाख में करने को लेकर सवाल उठते रहे है। आरोप लगते रहा है कि कमीशन के चक्कर में चहेते ठेकेदार को आबंटन किया जाता है। आगामी क्वांर नवरात्रि के दौरान लगने वाले मीनाबाजार की टेंडर प्रक्रिया को दरकिनार कर चहेते ठेकेदार को देने के प्रयास का खुलासा एक ठेकेदार ने किया था। उक्त ठेकेदार ने तीन गुना अधिक राशि देने का दावा किया है।

लोगों को परेशानी

लोगों ने बताया कि नीचे मंदिर मुख्य मार्ग पर मीना बाजार लगने से दर्षनार्थियों को आवाजाही करने में दिक्कतो का सामना करना पड़ता है। मीनाबाजार के कारण फुटकर दुकाने और सड़क किसाने वाहनों के खड़े होने से पैदल चलना मुश्किल हो जाता है। लोगों ने मीना बाजार को अन्य जगह लगाने की मांग की है।

ब्लाक कांग्रेस की मासिक बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ब्लाक कांग्रेस कमेटी कल चार अक्टूबर को मासिक बैठक रखी गई है। बैठक में लोकतंत्र बचाओ अभियान के तहत वोट बचाओ देश बचाओ मार्च की तैयारियों पर विचार किया जाएगा। दोपहर 1 बजे स्थानीय विश्रामगृह गंडई में आयोजित बैठक में स्मार्ट मीटर हटाओ अभियान की समीक्षा की जाएगी। बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमल साहू की उपस्थिति रहेगी। इस दौरान प्रेस वार्ता का आयोजन रखा गया है जिसमें विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा, नगर पंचायत गंडई अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो, ब्लॉक कांग्रेस प्रभारी भीखम सिन्हा, सह प्रभारी सुबोधकांत पांडेय, दुर्गेश साहू तथा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शत्रुहन मन्नू चंदेल शामिल होंगे।

क्षमा मांगने में न हो दिखावा : शैलमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

चन्द्रगिरी में चातुर्मास के निमित्त से विराजित आर्यिका शैलमति माता एवं आर्यिका विदुरमति माता के सानिध्य में शुक्रवार को सामूहिक क्षमावाणी पर्व एवं अहिंसा दिवस मनाया गया।

- चन्द्रगिरी में मनाया गया क्षमायाचना पर्व एवं अहिंसा दिवस

कार्यक्रम में आर्यिका शैलमति माता ने कहा कि दो पर्व एक साथ मनाया जा रहा है। आज ही महात्मा गाँधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती है।

महात्मा गाँधी अहिंसा के पुजारी थे जिन्होंने अहिंसा की राह पर आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसी प्रकार आचार्य विद्यासागर महाराज के अन्तरंग और चर्या में अहिंसा और क्षमा समाई थी। उन्होंने कहा कि क्षमा दिखावे की चीज नहीं होती है। मान के अभाव में ही क्षमा आ सकती है।

क्रोध में क्षमा आना संभव नहीं है। पर्युषण के दस धर्मों का सार क्षमा ही है। जिसे धारण करने से ही क्षमा का भाव आना संभव है। उन्होंने बताया कि भागवान पार्श्वनाथ पर कमठ ने कई घोर उपसर्ग किया लेकिन भगवान ने समता से सहन किया जिससे कमठ को सद्बुद्धि मिली। जब भगवान को केवल ज्ञान की प्राप्ति हुई तो कमठ को भी सम्यग्दर्शन की प्राप्ति हो गई। उन्होंने कहा कि केवल दिखावे के लिए क्षमा मांगना या करना औचित्यहीन है।



विविध आयोजन

इस दौरान 9००८ श्री चन्द्रप्रभ भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, पूजा, महाआरती के बाद समाधिस्थ 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की संगीतमय पूजा की गई। प्रतिभास्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ की बालिकाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। अंत में सामूहिक क्षमा याचना की गई। अंत में अध्यक्ष सेठ सिंघई किशोर जैन ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

सेवा सेतु शिविर में समस्याओं का समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

सेवा सेतु अभियान के तहत शनिवार को ग्राम पंचायत चकनार स्थिति नर्मदा मंदिर परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया।

शिविर का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, सांसद प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार ने छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर किया। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने स्टालों का अवलोकन किया। समापन अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह शामिल हुए। श्री सिंह ने ग्रामीणों संबोधित करते हुए कहा कि शिविर का आयोजन अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए किया गया। जो हितग्राही कागजी त्रुटि एवं कमी के चलते योजना का लाभ पाने से वंचित हो गए हैं उन्हें प्राथमिकता के साथ लाभान्वित करना शिविर का लक्ष्य है। शिविर में राजस्व, स्वास्थ्य, कृषि, सहकारिता, उद्यानिकी, विद्युत, पीएम सूर्य, पीएचई, समाज कल्याण, पशुधन विभाग, पुलिस, महिला एवं बाल विकास विभाग, वन विभाग, आयुर्वेद, शिक्षा सहित अन्य विभागों ने स्टाल लगाकर योजाओं की जानकारी दी।

विकसित गांव से ही विकसित राष्ट्र का निर्माण



दुलारी को मिली बैटरी चलित ट्राइसिकल

शिविर में कुटेलीकला निवासी दुलारी साहू को हस्तचालित ट्राइसिकल प्रदान किया गया। अतिथियों ने शिविर में डिजिटल ई ऋणपुस्तिका का वितरण किया गया। शिविर में मौजूद तीन सौ से भी अधिक लोगों ने समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया। समापन पर अनुविभागीय अधिकारी अविनाश ठाकुर ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में नवलेश कोटरे, घम्मन साहू, राकेश ठाकुर, शंशाक ताम्रकार, राजू जंघेल, आनंद पटेल, बालकिशन जंघेल, अशोक पाल, धनऊराम जंघेल, दीना जंघेल, ओमप्रकाश वर्मा, इन्द्राणी जंघेल, अशोक पटेल, सरपंच वंदना पटेल, लालचंद पटेल, भीखु साहू, रमेश जंघेल, विशम्बर पटेल, डोमार सिंह, अंजू जंघेल, ज्योति, प्रकाश कुमार, बोधन सिंह, केसलाल, गोरेलाल जंघेल, प्यारेलाल साहू, खेमराज सिन्हा, मोहित बजरंग, वीके ऊइके, राकेश कटारे, एम विश्वकर्मा, कमलेश साहू, सागर जंघेल, गयाराम जंघेल, चन्द्रभान वैष्णव, लोकेश सहित अन्य मौजूद थे।

जिले में मशाल यात्रा 7 को

शिविर में जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने बताया कि यह सेवा शिविर का आयोजन मोदी जी की सेवा समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने पर किया जा रहा है। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सभी नदी घाट में स्वच्छता अभियान एवं पौधा रोपण चलाया गया। 658 आंगनबाड़ी केन्द्र में आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। आगामी 7 अक्टूबर को पूरे जिले में मशाल एवं कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। पंचायत प्रतिनिधि का महाकुंभ भी आयोजित किया जाएगा। श्री पटेल ने बताया कि सेवा सेतु अभियान के तहत कल रविवार को साल्हेवारा में शिविर का आयोजन रखा गया है।

महिलाओं को किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

भोलापुर में सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगनबाड़ी केन्द्र में आंगन मिलन सेवा चौपाल का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव थी। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री जंभुलकर, पर्यवेक्षक जमुना साहू, रंजीता, सरपंच चमेली ठाकुर, बिमला सिन्हा, दीपिका पांडे, गोदावरी धनगवी, शारदा नेताम, मोहित सिन्हा, लखन साहू, फगुआ चतुर्वेदी, सुनीता साहू, फुलेश्वर साहू कार्यक्रम में शामिल हुए। श्रीमती वैष्णव ने महिलाओं के जागरूक करते हुए कुपोषण की जानकारी दी। अंत में आभार व्यक्त टीकम पांडेय ने किया।

सफाई मित्रों व स्वच्छता दीदियों का सम्मान

छुरिया। नगर पंचायत में गांधी जयंती एवं सेवा संकल्प अभियान के तहत सफाई मित्र सुरक्षा एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सफाई मित्रों और स्वच्छता दीदियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल, उपाध्यक्ष भूषण नेताम, सीएमओ लाल अजय सिंह बहादुर, अजय प्रधान, सफाई दरोगा योगेश करसे आदि उपस्थित थे।

समितियों की पहल की शहर में हो रही सराहना

समितियों ने जताया आभार, किया अफसरों-सहयोगियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

नगर में गणेश विसर्जन झांकियों एवं धार्मिक आयोजनों को शांतिपूर्ण, व्यवस्थित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए गणेश समितियों ने आभार समारोह का आयोजन किया। समारोह में समितियों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पुलिस सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। आभार समारोह में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी- कर्मचारी शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि गणेश उत्सव के अंत में नगर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी में झांकियां निकाली गईं। इस दौरान प्रशासन एवं पुलिस ने सुरक्षा, यातायात, कानून-व्यवस्था तथा अन्य व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया था जिसके चलते पूरा आयोजन शांतिपूर्ण एवं निविध्न संपन्न हो सका। आयोजन के दौरान अधिकारियों ने भरपूर सहयोग दिया और समितियों के साथ समन्वय बनाया।



शहर की गरिमा बढ़ी

इस अवसर पर जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने गणेश समितियों एवं आयोजन से जुड़े लोगों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि शहर की पहचान भाईचारे, सामाजिक समरसता और शांतिपूर्ण वातावरण के लिए है। गणेश उत्सव के आयोजन के दौरान नागरिकों, समितियों और प्रशासन ने बेहतर समन्वय बनाया जो सराहनीय प्रयास रहा है इससे शहर की गरिमा बढ़ी है। उन्होंने व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने वाले अधिकारियों, पुलिस जवानों, पालिका के कर्मचारियों सहित अन्य का आभार व्यक्त किया।



सार समाचार

राष्ट्रपिता की प्रतिमा पर माल्यार्पण

राजनांदगांव। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा ने आज कलेक्टोरेट परिसर स्थित गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर गांधी जी के प्रिय भजन वैष्णव जन तो ..., रघुपति राघव राजाराम का गायन किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों को नशा मुक्ति के लिए संकल्प दिलाया। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों के प्रति संवेदनशीलता, सहानुभूति एवं करूणा का व्यवहार करने की शपथ भी दिलाई। इस मौके पर उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती वैशाली मरडवार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



सफाई मित्रों, स्वच्छता दीदियों का सम्मान

राजनांदगांव। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत नगर पालिका परिषद् डोंगरगांव द्वारा सेवा मेरा योगदान के तहत प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी भवन डोंगरगांव में सफाई मित्र एवं सम्मान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में निकाय क्षेत्र में जमीनी स्तर पर स्वच्छता कार्य में महत्वपूर्ण योगदान के लिए सभी सफाई मित्रों एवं स्वच्छता दीदियों को सम्मानित किया गया। अध्यक्ष नगर पालिका परिषद् डोंगरगांव श्रीमती अंजू त्रिमाठी ने नगर की स्वच्छता के लिए सफाई मित्र एवं स्वच्छता दीदियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने सफाई कर्मचारियों के लिए सुरक्षा उपकरणों के महत्व के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने सभी को स्वच्छता शपथ दिलाई। शिविर में सफाई मित्रों एवं स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सभी कर्मचारियों के लिए विशेष रूप से जीरोवेस्ट इवेंट पर आधारित भोजन व्यवस्था रखा गया। जिसमे प्रतिबंधित डिस्पोजल सामग्री का उपयोग नहीं करते हुए परंपरागत पत्तल का उपयोग कर स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का सन्देश दिया गया।



शांति के लिए आत्म चिंतन जरूरी : श्रेयांशप्रभ

राजनांदगांव। आत्मा की खुशी और शांति के लिए आत्म चिंतन जरूरी है। किसी भी चीज की प्राप्ति के लिए समय तो लगता ही है। हमें इंतजार करना होगा और आत्मिक शांति पाने का प्रयास करना होगा। परफेक्शन जब आएगा तब आएगा, किंतु हमें उसके लिए प्रयास तो करना ही होगा। उक्त उदगार खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर के सुशिष्य श्रेयांशप्रभ सागर ने व्यक्त किए। मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने बताया कि ज्ञान वल्ल्भ उपाश्रय भवन में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन की कड़ी में मुनिश्री श्रेयांशप्रभ सागर ने फरमाया कि हमने कमाया, इसलिए कि हम शांति के साथ जी सके। खोने का डर सबको सताता रहता है, किंतु बाहरी चीजों के खोने का डर क्यों। मुनिश्री ने कहा कि काम भी मैं कर रहा हूं, सो भी मैं रहा हूं, कमा भी मैं रहा हूं और खो भी मैं रहा हूं, जब चारों तरफ मैं ही मैं हूं तो फिर बाहरी चीजों से डर क्यों? हमें केवल इतना ही सोचना है कि आत्मा को क्या करना चाहिए और क्या नहीं। आत्मा की शांति और खुशी के लिए हमें चिंतन जरूर करना चाहिए। मुनिश्री श्रेयांशप्रभ ने कहा कि हम किसी भी चीज को पाने के लिए डिले करते हैं। हम चिंतन करें और उसे प्राप्त करने का प्रयास करें, जो मैं हूं और जो मुझे चाहिए, इसके बीच काफी दूरियां है। इन दूरियों को कम करने के लिए हमें चिंतन के साथ-साथ प्रयास करना होगा। इसके लिए हम डिले (विलम्ब) ना करें। डिले (विलम्ब) को खतरा मानकर काम करें और इसे दूर कर आत्म शांति प्राप्त के लिए जुट जाओ।



प्रशिक्षणार्थियों ने चलाया स्वच्छता अभियान

राजनांदगांव। महात्मा गांधी जयंती पर 2 अक्टूबर को बड़ौदा आरसेटी राजनांदगांव द्वारा ग्राम सिंघोला में आयोजित राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशिक्षार्थियों ने स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया। प्रशिक्षार्थियों ने गांव में साफ-सफाई कर स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। साथ ही ग्रामीणों एवं उपस्थित लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य महात्मा गांधी के स्वच्छता संबंधी विचारों को जन-जन तक पहुंचाना तथा लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था। इस अवसर पर प्रेम साहू, पोषण राम सहित राजमिस्त्री प्रशिक्षण के प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे।



ग्राम मोहड़ में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजन

राजनांदगांव। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम मोहड़ के आंगनबाड़ी केन्द्र में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। हर घर मुनगा-घर-घर मुनगा पौधरोपण अभियान के तहत मुनगा पौधरोपण के लिए प्रेरित किया गया तथा मुनगा के औषधि गुणों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका तथा मितानिन दीदी का सम्मान किया गया। साथ ही पोषण प्रतिज्ञा ली गई और बच्चों को न्यौता भोज कराया गया।

आज होगा अग्रसेन जयंती महोत्सव का आगाज

राजनांदगांव। अग्रवाल समाज के अधिष्ठाता देव भगवान अग्रसेन की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ कल 4 अक्टूबर को अग्रसेन भवन में होगा। सुबह 10 बजे मुख्य अतिथि नरेंद्र गोयल अग्र ध्वजा फहराकर महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद भगवान अग्रसेन की पूजा-अर्चना एवं आरती होगी। 4 से 11 अक्टूबर तक चलने वाले महोत्सव में प्रतिदिन विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। अग्रवाल सभा के कोषाध्यक्ष अशोक सिंघल, नवयुवक मंडल के कोषाध्यक्ष राहुल लोहिया एवं महिला मंडल की कोषाध्यक्ष सारिका अग्रवाल ने बताया कि अग्रसेन जयंती महोत्सव की शुरूआत सुबह 10 बजे अग्रसेन भवन की प्राचीर पर अग्र ध्वजा फहराने के साथ होगी। ध्वजारोहण के पश्चात भगवान अग्रसेन की पूजा-अर्चना एवं आरती की जाएगी। इस दौरान समाज के पदाधिकारी एवं अग्र बंधु उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी अग्रवाल सभा के सह मीडिया प्रभारी राहुल अग्रवाल ने दी।



कबीर मंदिर पहुंचा भक्तों का जत्था

राजनांदगांव। सुकुलदैहान समीपस्थ ग्राम पेंडरी में सदगुरु कबीर दर्शन यात्रा अंतर्गत हरियाणा प्रांत के प्रतापगढ़ सदगुरु कबीर आश्रम से परम पूज्य मंहत विशाल साहेब के साथ संत महात्मा एवं भक्तों का जत्था सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी पहुंची। इस अवसर पर सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम के वयोवृद्ध गादिपति मंहत सेवादास साहेब और सदगुरु कबीर सत्संग सेवायोग आश्रम समिति के उपाध्यक्ष गोरख दास साहू, मानिक दास साहू, गरिमा साहू, सावित्री साहू, टीकम साहू व अन्य भक्तों ने संत महापुरुषों एवं भक्तों का स्वागत-सम्मान किया। यह जानकारी गरिमा साहू ने दी है।

स्वच्छता अभियान में संत निरंकारी मंडल के सदस्य बने सहभागी

त्रिवेणी परिसर एवं झुलेलाल घाट के पास श्रमदान कर की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मेयर सहित बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग

स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 के तहत स्वच्छता में सहभाग, स्वच्छ भारत विकसित भारत की थीम के लिए स्वच्छता अभियान में सहभागी बनने सामाजिक संस्थाए बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

इसी कड़ी में गुरुवार को महापौर मधुसूदन यादव सहित संत निरंकारी मंडल के संयोजक रूपलाल राजवानी, सेवादल संचालक बलीराम साहू, सेवादल शिक्षक छबिलराम साहू, कोषाध्यक्ष मुरलीधर पंजवानी, लेखापाल राजकुमार ललानी, मीडिया प्रभारी मदनलाल नवलानी तथा सेवादल के महिला-पुरूष सदस्यों ने नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम, निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह समेत सुनील साहू, राजेश जैन, डीलेश्वर साहू, शिव वर्मा, मनोहर यादव, प्रमोद झंझाडे, चन्द्रशेखर लश्करे, संतोष साहू, रवि सिन्हा, सतीश साहू, सेवक राम उईके, डुरेन्द्र साहू, अरूण साहू, करूणा राजपूत, सूर्यकांत श्रीवास, हर्ष रामटेके, विजय राय, राजेश यादव, लोकेश जैन, पंकज कुरंजेकर एवं निगम की स्वच्छता दीदी व स्वास्थ्य अमला के साथ श्रमदान कर त्रिवेंणी परिसर तथा झुलेलाल घाट के आसपास श्रमदान कर साफ-सफाई किया।



शहर में स्वच्छता का माहौल

आयुक्त श्री मरकाम ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 में शासन के निर्देशानुसार महापौर मधुसूदन यादव के मार्गदर्शन में प्रतिदिन विभिन्न गतिविधिया संचालित की जा रही है। जिसमें 17 सितम्बर से शहर में स्वच्छता का माहौल चल रहा है। स्वच्छता अभियान में संत निरंकारी मण्डल के सदस्यों ने निगम पदाधिकारियों के साथ त्रिवेणी परिसर एवं झुलेलाल घाट के किनारे श्रमदान कर साफ-सफाई किए एवं कटिली झाडियां उखाड़कर झिल्ली, पन्नी व कचरा उठाकर स्वच्छता का संदेश दिए। स्वच्छता अभियान में जनप्रतिनिधि, वार्डवासी एवं संत निरांकारी मंडल के सदस्यों सहित निगम का स्वास्थ्य अमला उपस्थित था।

सदस्यों का माना आभार

महापौर श्री यादव ने संत निरंकारी मंडल के सदस्यों का आभार व्यक्त करते कहा कि संत निरंकारी मंडल एक सेवाभावी संस्था है, जहां सेवा संबंधी विभिन्न गतिविधिया संचालित होते रहती है। उक्त संस्था समय-समय पर नगर निगम के स्वच्छता अभियान में अपनी महती भूमिका निभाते हैं। स्वच्छता अभियान का प्रमुख उद्देश्य लोगों के स्वच्छता से जोड़ना एवं स्वच्छता को अपने दिनचर्या में शामिल करना है।

अंडरब्रिज निर्माण में देरी पर आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- पदयात्रा निकालकर ओवरब्रिज की स्थिति सुधारने मांग

यातायात के भारी दबाव के चलते जर्जर हो रहे रेलवे ओवरब्रिज की स्थिति, खस्ता हाल डिवाइडर और अधूरे अंडरब्रिज निर्माण में हो रही देरी व लेकर लेटलतीफी को लेकर जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी द्वारा शहर में पदयात्रा निकाली गई और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ओवरब्रिज और अंडरब्रिज की समस्या को लेकर प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने कलेक्टोरेट गेट पर ही रोक दिया। जिससे पार्टी के कार्यकर्ताओ ने गेट पर बैठकर नारेबाजी करते शीघ्र अंडरब्रिज का निर्माण कार्य पूर्ण करने और ओवरब्रिज की डिवाइड मरम्मत को लेकर मांग की।

उग्र आंदोलन की चेतावनी

कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के जिला अध्यक्ष मनीष देवांगन ने कहा कि अंडरब्रिज का निर्माण कार्य एक साल में पूर्ण होना था, लेकिन लगभग साढ़े वर्ष बीतने के बाद भी अंडरब्रिज का निर्माण कार्य अब तक अधूरा है। उन्होंने कहा कि अंडरब्रिज नहीं बनने से ओवरब्रिज पर यातायात का भारी दबाव है। जिससे आवागमन भी बाधित हो रहा है। वहीं भारी वाहनों के चलते ओवरब्रिज के ऊपर डिवाइडर टूट रही है और इसकी मरम्मत नहीं कराई जा रही है। उन्होंने जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करने और डिवाइडर की मरम्मत कराए जाने मांग की है। वहीं समस्या का समाधान नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने चेतावनी दी है।

बस स्टैण्ड का हाल बेहाल



डोंगरगढ़। नगर के बस स्टैंड की स्थिति बेहद चिंताजनक है। बसें जहां खड़ी होती हैं, वहां बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। डामर उखड़ चुका है। पूरा परिसर गंदगी से भरा हुआ है। भवन भी जर्जर स्थिति में है। यहां बिजली, पेयजल की व्यवस्था भी दुरूस्त नहीं है। हैंडपंप खराब है तो भवन की लंबे समय से मरम्मत एवं पुताई नहीं हुई है। जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव विष्णु लोधी ने बस स्टैंड की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पर्यटन और धार्मिक नगरी के बस स्टैंड की यह स्थिति शहर की छबि को खराब करने वाली है। उन्होंने नवरात्रि पर्व से पहले बस स्टैंड का निरीक्षण कराकर गड्ढों की मरम्मत, डामरीकरण, सफाई, पेयजल, बिजली, प्रकाश, बैठक व्यवस्था, शौचालय तथा जर्जर भवन की मरम्मत कराने की मांग की है।

कार्यकर्ताओं ने उत्साह से मनाया पूर्व विधायक जंघेल का जन्मदिन

सड़क अतरिया। पूर्व विधायक कोमल जंघेल के जन्मदिन को भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ मनाया। उन्हे बधाई देने गृह ग्राम घिरघोली में सुबह से शाम तक लोगों की आवाजाही रही। श्री जंघेल जन्मदिवस पर सिद्ध बाबा मंदिर में पूजा अर्चना कर खुशहाली की कामना की। वह स्वच्छता अभियान में शामिल हुए तथा पौधारोपण भी किया। भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सामाजिक प्रतिनधियों ने गुलदस्ता भेंट किया। इस दौरान घम्मन साहू, प्रेमनारायण चंद्राकर, खम्मन ताम्रकार, तीरथ चंद्रेल, ललित चोपडा, दिनेश वर्मा, विशेषरदास साहू, राकेश ताम्रकार, प्रकाश जंघेल, दीनु सिन्हा, टीलेश्वर साहू, निज़ामसिंग मंडावी, राकेश गुप्ता, दिनेश वैष्णव, मुकेश चंद्रेल, नेतराम लोधी, लुकरण साहू, हेमू साहू, प्रमानन्द साहू, चंद्र शेखर साहू, प्रकाश जंघेल, भोज बंजारे, गोरे वर्मा, नेतराम जंघेल, टूमन साहू, विक्की अग्रवाल, जीवन रात्रे, मंगल जैन, पुरन जंघेल, समारु जंघेल, खेमराज जैन, दिवाकर सोनी, ओमप्रकाश जंघेल, उत्तम जंघेल, अवध जंघेल, भारत वर्मा, स्वरूप वर्मा, देवकरण वर्मा, विक्रांत चंद्राकर, सूरज वर्मा, देवसिंग ठाकुर, ललित सोनी, संतोष ठाकुर, परसर ठाकरे, विष्णु ठाकरे, कृष्णाकांत महोबिया, नरेश वर्मा, रोशन जंघेल, ठाकुरराम साहू, राधे मोहन वैष्णव, कमलेश, ओमप्रकाश, मोहन पटेल, कुमार पाल, रोहित जंघेल, डेरालाल मसखरे, मिनेस वर्मा, स्वरूप यादव, टोप वर्मा, मनमोहन वर्मा, देवलाल साहू, राजू जायसवाल, राजकुमार जंघेल, धुरुवाराम, जागेश्वर वर्मा, मोहित जंघेल, रामलाल जंघेल, तुलसी यादव, प्रहलाद मरकाम, शिव पटेल, माखन जंघेल, परमेश्वर जंघेल, बोधन सिंह, खेम जंघेल, प्रभुदयाल वर्मा, भोज वर्मा, शशांक साहू, भारत साहू, अजेन दास, अनूप वर्मा, जितम, रेखचंद वर्मा, जयराम, उमे साहू, नियंता साहू,जाकरण जंघेल, पवन जंघेल, छमित वर्मा, अर्जुन महोबिया, सुरेश वर्मा, किसन सिलोटिया, गजेंस, आमीन माता, रमेश जंघेल, रिखबचंद जैन, चन्दकुमार वर्मा, बिसम्भर पटेल, कलीराम, धनीराम, बलदेव जंघेल, जैतराम साहू, रोहित जंघेल, कवल वर्मा, बुधराम केवट, लाला जंघेल, रोशन वर्मा, भुवन जंघेल, अवतार, राकेश जंघेल जानेंद्र, सोहन जंघेल, तोरण जंघेल, विश्वनाथ चंद्राकर, शैलेन्द्र जंघेल, बीरेंद जंघेल, जितम धनकर, दिनेश जंघेल, दशरथ जंघेल, केशव वर्मा, अनुज जंघेल, सूरज देवांगन, गंगा वर्मा, गैंदा जंघेल, राधे जंघेल, विनोद वर्मा, राकेश वर्मा, बालकिसन वर्मा, प्रकाश गोलू, तीजन जंघेल, राजू जंघेल, अमित शर्मा सहित अन्य



जल योग जीवन का आधार

- युगांतर में जल योग का शानदार आयोजन

राजनांदगांव। युगांतर पब्लिक स्कूल में बीते दिनों जल योग का शानदार आयोजन किया गया। इस अवसर पर धुले महाराष्ट्र के डॉ. जगदीश आर. गिडोदिया ने बताया कि जल योग हमारे मन और शरीर दोनों को सुंदर बनाता है। जीवन में नियमित रूप से जल योग को अपनाने से व्यक्ति लंबे समय तक सुखी व निरोगी जीवन व्यतीत कर सकता है।

उन्होंने विभिन्न जल योगासनों का अभ्यास कराने से पहले हाथ-पैर की विविध गतिविधियां कराकर शरीर को स्ट्रेच कराया। जल योग जीवन का आधार है। जल योग जीवन को सुव्यवस्थित ढंग संचालित करने का माध्यम है, इसलिए इसका हर विद्यार्थियों के साथ-साथ सभी को नियमित अभ्यास करना चाहिए। इसके द्वारा सुंदर और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का सन्देश दिया गया। इसके पहले सेठ रतनचंद सुराना महाविद्यालय के 70 बीपीएड के विद्यार्थियों ने डॉ. जगदीश आर. गिडोदिया के मार्गदर्शन तथा डीवी पाटिल, दिनकर पाटिल और महेश गुगे के सहयोग से जल योग का अभ्यास किया। विद्यालय प्राचार्य के मधुसूदन नायर के मार्गदर्शन में स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह, साइंस कॉलेज राजनांदगांव के स्पोर्ट्स ऑफिसर परेश वर्मा, सेठ रतनचंद सुराना महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अजय लान्जेवार, योग शिक्षिका पूर्वी वर्मा, भारती यादव, अश्विनी ठाकरे, विद्यालय के स्विमिंग कोच पारख साहू, रेणुका साहू ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



आसनों का कराया अभ्यास

उन्होंने स्विमिंग पुल में पर्वतासन, वृक्षासन, अर्धचक्रासन, सुखासन, शलभासन आदि आसनों को प्रमुखता के साथ अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि जल योग में सैकड़ों आसन है। हम इनमें से कुछ चयनित आसनों के अभ्यास से स्वास्थ्यवर्धक जीवन जी सकते हैं। उन्होंने जल में श्वांस से जुड़े विविध प्राणायामों का अभ्यास कराया। इनमें लेकर पानी के अंदर रहना का अभ्यास प्रमुख रहा। उन्होंने कहा कि इन योगासनों के नियमित अभ्यास से हम अपने फेफड़ों और हृदय को मजबूत कर सकते हैं। यही नहीं विद्यार्थी अपनी स्मरण शक्ति को भी इनके नियमित अभ्यास से बढ़ा सकते हैं। इसके अलावा उन्होंने भजन की धुन में जल की भीतर विद्यार्थियों से दौड़ भी लगवाई।

बघेरा सरपंच ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

- डीएमएफ मद से शेड निर्माण का कलेक्टर ने दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम पंचायत बघेरा में लावारिस पशुओं की मृत्यु को लेकर सामने आए आरोपों के बीच सरपंच ऐश्वर्या हरिश देशमुख ने कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचकर कलेक्टर को प्रतिवेदन सौंपकर ग्राम पंचायत की ओर से वास्तविक स्थिति स्पष्ट की। सरपंच ने प्रतिवेदन में कहा कि पशुओं की मृत्यु को केवल भूख-प्यास, चारा-पानी के अभाव अथवा देखरेख में लापरवाही का परिणाम बताना वस्तुस्थिति का सही चित्रण नहीं है। पंचायत एवं ग्राम विकास समिति द्वारा पशुओं की देखरेख, चारा-पानी, चराई और उपचार की व्यवस्था की गई थी।

सरपंच के अनुसार किसानों की खड़ी फसल को लावारिस पशुओं से होने वाले नुकसान से बचाने तथा पशुओं को सड़क और खेतों में भटकने से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत एवं ग्रामवासियों ने पशुओं को एक स्थान पर रखने की व्यवस्था की थी।

इस व्यवस्था के लिए ग्रामवासियों से प्रति परिवार प्रतिवर्ष 200 रुपए सहयोग राशि एकत्रित की जाती थी। वहीं पशुओं को चराने और उनकी देखरेख के लिए 15 हजार रुपए प्रतिमाह की राशि पर चरवाहे की व्यवस्था भी की गई थी।

सरपंच ने अपने प्रतिवेदन में बताया कि संबंधित स्थान पर लगभग 52 लावारिस पशु रखे गए थे। इनमें से कुछ पशुओं की मृत्यु हुई। जबकि शेष पशु जीवित और सुरक्षित हैं। उनका कहना है कि यदि पशुओं को नियमित रूप से चारा-पानी नहीं दिया जाता अथवा उनकी देखरेख नहीं की जाती तो सभी पशु प्रभावित होते, इसलिए पशुओं की मौत को सीधे भूख-प्यास से जोड़ना उचित नहीं है।

पशु संरक्षण के साथ किसानों के हित का भी रखा ध्यान

सरपंच ऐश्वर्या हरिश देशमुख ने कहा कि ग्राम पंचायत और ग्राम विकास समिति द्वारा लावारिस पशुओं को सुरक्षित रखने की व्यवस्था किसी निजी स्वार्थ से नहीं, बल्कि पशु संरक्षण और किसानों के हित को ध्यान में रखकर की गई थी। खेतों में खड़ी धान की फसल को लावारिस पशुओं से बचाने के साथ पशुओं को सड़क दुर्घटना और अन्य जोखिमों से सुरक्षित रखने का भी प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि लावारिस पशु किसी एक व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं हैं, बल्कि पूरे समाज और गांव की सामूहिक जिम्मेदारी है। ग्राम पंचायत की ओर से उपलब्ध संसाधनों के अनुसार उनकी देखभाल की व्यवस्था की गई है। कुछ पशुओं की मृत्यु अत्याधिक बारिश, ठंड और अस्वस्थता के कारण होना दुर्भाग्यपूर्ण है। जिसका पंचायत एवं ग्रामवासियों को भी दुख है। जनदर्शन के दौरान सरपंच ने पशुओं को सुरक्षित रखने के लिए स्थायी व्यवस्था की आवश्यकता भी कलेक्टर के समक्ष रखी। इस पर कलेक्टर ने डीएमएफ मद से पशुओं के लिए शेड निर्माण कराने का आश्वासन दिया। शेड बनने से बारिश, ठंड और अन्य प्रतिकूल मौसम में लावारिस पशुओं को सुरक्षित आश्रय मिल सकेगा तथा उनकी देखरेख और संरक्षण की व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सकेगा। सरपंच ने कलेक्टर के समक्ष कहा कि ग्राम पंचायत आगे भी पशुओं की सुरक्षा और संरक्षण के लिए प्रयास जारी रखेगी।

लगातार बारिश और ठंड से बिगड़ी पशुओं की तबीयत

सरपंच ने बताया कि 24 एवं 25 सितंबर को अत्याधिक एवं लगातार बारिश हुई। देर रात तक बारिश जारी रहने के कारण कुछ पशु लगातार भीगने और ठंड की चपेट में आने से अस्वस्थ हो गए। उनकी स्थिति बिगड़ने के बाद उपचार कराने का प्रयास किया गया और पशुओं को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई। सरपंच ने स्पष्ट किया कि बीमार पशुओं को उपचार के बिना छोड़ दिए जाने की बात सही नहीं है।

बीमा कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी उतरे मैदान में

मिट्टी में उतरा हरियाली का संकल्प

राजनांदगांव। स्वच्छ शहर और स्वस्थ पर्यावरण केवल सरकारी प्रयासों से नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी से तैयार होता है। इसी संदेश के साथ स्वच्छता ही सेवा-2026 पखवाड़े के तहत नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के राजनांदगांव व्यवसाय कार्यालय में स्वच्छता एवं पौधारोपण अभियान आयोजित किया गया। अभियान में अधिकारी-कर्मचारी, बीमा अभिकर्ता, व्यवसाय सहयोगी और स्थानीय नागरिकों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

कार्यक्रम की शुरूआत एक दिन, एक घंटा, एक साथ के संकल्प के साथ श्रमदान से हुई। कार्यालय परिसर और आसपास के सार्वजनिक क्षेत्रों में सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इसके बाद एक पेड़ मां के नाम पहल के तहत पौधरोपण किया गया।



संरक्षण की जिम्मेदारी भी ली

अधिकारियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की वास्तविक सफलता पौधे लगाने की संख्या से नहीं, बल्कि उनके जीवित रहने और वृक्ष बनने से तय होगी। कार्यक्रम में अनिल नीले, एस. अमित कुमार, अंकित दलाल, साक्षी बडगे, संजय बहादुर सिंह, देवानंद साहू, ललित पंधे, मुकेश साहू, महेश्वर साहू, योगेश्वर राव, प्रमोद साहू और रोशन यादव सहित अधिकारी-कर्मचारी, बीमा अभिकर्ता, व्यवसाय सहयोगी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

पर्यावरण बचाना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी : संजय

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय बहादुर सिंह ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर कहा कि आज विकास के साथ पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना सबसे बड़ी जरूरत है। पेड़ केवल हरियाली का हिस्सा नहीं हैं, बल्कि वे हवा, पानी और आने वाली पीढ़ियों के जीवन से सीधे जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि एक पौधा लगाना अच्छी शुरूआत है, लेकिन उसे पेड़ बनने तक सुरक्षित रखना उससे भी बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आज लगाए गए पौधे आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी सबसे बड़ी विरासत बन सकती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि स्वच्छता और पौधरोपण को केवल अभियान या किसी एक दिन तक सीमित न रखें, बल्कि इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं।



विद्यालय परिसर में पौधारोपण

गंडई पंडरिया। राम पंचायत पथर्रा में उत्साह के साथ गांधी और शास्त्री की जयंती मनाई गई। विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। समारोह में सरपंच चंद्रशेखर राजपूत, उपसरपंच नीलकंठ साहू, प्रधान पाठक संध्या अंगारी, चम्पेश्वर साहू, ईश्वर देवांगन, मानू ठाकुर, प्रकाशसिंह राजपूत, माना राजपूत, डलेश्वर साहू, विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं, रसोइया आदि शामिल हुए।

PUBLIC NOTICE — LOSS OF ORIGINAL DOCUMENT

Notice is hereby given that the original **Agreement for Sale dated 26 November 2014,** registered as **Document No. 9054/2014 with the Sub-Registrar, Nagpur-1,** executed between **Goldbricks Infrastructure Private Limited** and **Mr. Vinod Gupta, son of Mr. Madanlal Gupta,** concerning **Flat No. B-502, Tower B, Anandam World City, Ganeshpeth, Nagpur–440018,** has been lost/misplaced.

Any person finding or possessing the document is requested to inform and return it to the undersigned. Any person claiming any right or interest on the basis of the document is requested to notify the undersigned in writing, with supporting evidence, **within 07 days** of publication. The public is cautioned against any unauthorised use of the missing document.

Rajnandgaon- 03-10-2026

SANJAY KUMAR VERMA
(ADVOCATE) H.NO.4, MAHENDRA NAGAR NEAR ROYAL KIDS SCHOOL RAJNANDGAON-491441
9827977827

सार समाचार

मंदिर मार्ग में सड़क का निर्माण

राजनांदगांव। मां अष्टंगी चरण पदुका मंदिर के आने-जाने के लिए डामर से बनी हुई सड़क का निर्माण किया गया है। जिससे श्रद्धालुगण चार पहिया आटो, कार या मोटर साइकिल से मां के मंदिर तक आ सकते है। श्रद्धालु भक्त भी मां का दर्शन कर सकते है। यह निर्माण ग्राम बरगा से मां अष्टंगी चरण पदुका मंदिर तक किया गया है यह जानकारी संचालक चुरामन गोड़ द्वारा दी गई है।

4 केंद्रों में आज निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षा

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज निः शुल्क सीजी पीएससी प्रतियोगी परीक्षा 2026 प्रदेश अध्यक्ष कुंवर सिंह निषाद व महासचिव मनोहर निषाद के निर्देशन में कल 4 अक्टूबर को दोपहर 12 से 1.30 बजे तक 4 केंद्रों में आयोजित होगी। दुर्ग संभाग शिक्षा प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत लारिया, पर्यवेक्षक सोहन निषाद व जिला मीडिया प्रभारी चैन कुमार सोनवानी ने बताया कि प्रतियोगी परीक्षा 4 केंन्द्रों बिलासपुर, दुर्ग, जगदलपुर व रायपुर में आयोजित होगी।

बाइक में शराब ले जाते पकड़े गए

राजनांदगांव। बाइक में अवैध रूप से शराब परिवहन किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है। चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत चिखली सांई द्वार गली रोड शीतला तालाब के पास मोटर साइकिल में दो व्यक्ति जाते दिखे, जिसे रोककर तलाशी लेने पर दोनों आरोपियों अभिजित गायकवाड़ 20 साल और देव सिंग 37 साल के कब्जे से 44 पौवा ऑईकान प्रिमियम व्हीस्की शराब कीमती 5280 रुपए को बरामद कर आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर आदेशानुसार जेल निरूद्ध किया गया।छोटा तालाब चिखली के पास अवैध रूप मात्रा से अधिक शराब रखकर जाने का साधन इंतजार कर रहे आरोपी नागेश सिन्हा 26 साल को पुलिस ने पकड़ा। जिसके कब्जे से 20 पौवा व्हीस्की शराब कीमती 2400 रुपए को जब्त किया गया है।

गीता के ज्ञान से सफलता की ओर कार्यक्रम

राजनांदगांव। अग्रसेन जयंती महोत्सव 2026 में अग्रवाल सभा राजनांदगाव एवं अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के तत्वाधान में गीता के ज्ञान से सफलता की ओर कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। कार्यक्रम भगवत गीता के माध्यम से जन मानस कैसे अपने आपको सफल एवं अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकता है, इस विषय को गीता के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के मीडिया प्रभारी राहुल अग्रवाल ने बाताया कि इस आयोजन को सफल बनाने अग्रवाल सम्मेलन के अंकुश अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, सुलभ अग्रवाल, अर्चित अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, नमन पोददार, अवंत अग्रवाल, वैभव अग्रवाल, विकास गोयल, विनोद अग्रवाल एवं समस्त कार्यकर्ताओं ने अग्रवाल बंधुओ से अनुरोध किया है कि 4 अक्टूबर को कार्यक्रम स्थल पर अधिक से अधिक संख्या में आएं एवं कार्यक्रम का लाभ लेवें।

आंगन मिलन सेवा चौपाल का आयोजन

डोंगरगांव। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत जंतर के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक एक और दो में आंगन मिलन सेवा चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिनों, महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुई। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष थीं। इस अवसर पर सरपंच रूपा चन्दवंशी, दशोदा साहू, परियोजना अधिकारी वीरेंद्र साहू, सविता पटेल एवं ओमिन पटेल ने हिस्सा लिया। चौपाल में राज्य एवं केंद्र शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। महतारी वंदन योजना एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से प्राप्त राशि का बेहतर उपयोग करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर पौष्टिक थाली एवं रंगोली के माध्यम से संतुलित आहार और पोषण का महत्व बताया गया। बच्चों को न्योता भोज कराया गया।

शिविर में 85 मरीजों का उपचार

डोंगरगढ़। ग्राम खोलारघाट स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को स्वास्थ्य जांच कर दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। सीएचओ वैशाली भुआर्य के नेतृत्व में आयोजित शिविर का 85 मरीजों ने लाभ लिया। बीपी, शुगर सहित अन्य नियमित रूप से उपयोग की जाने वाली दवाइयों को चिन्हांकित कर उपलब्ध कराया गया। शिविर के दौरान किशोरी एवं महिलाओं को सेनेटरी पैड के नियमित उपयोग की जानकारी दी गई। इस दौरान डीके मनकर, टेकराम सेवता, ललिता गंधर्व, गायत्रीबाई वर्मा, बिंदा मंडावी सहित अन्य उपस्थित रहे।



महावीर मंदिर प्रांगण में नमोः गाथा कार्यक्रम

डोंगरगढ़। सेवा संकल्प अभियान के तहत नमोः गाथा कार्यक्रम का आयोजन महावीर मंदिर प्रांगण में किया। कार्यक्रम के जिला प्रभारी किशुन यदु की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकास योजनाएं और देश हित में उठाए गये कदमों की जानकारी कलाकारों ने गीत संगीत के माध्यम से दिया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, नपाध्यक्ष रमन डोंगरे, भाजपा अध्यक्ष सौमित्र सोनी, हरविंदरसिंग मंगे, प्रकाश बिंदल, सत्यप्रकाश मिश्रा, विनय बंसल, पप्पु नामदेव, आकाश राजपुत, अलंकित शर्मा, विजेन्द्र ठाकुर, जस्मितसिंग बन्नोआना, हिमांशु सेन, अमित बोस, ललित शर्मा, दुर्गेश साहू सहित अन्य शामिल हुए।



बच्चों ने चित्रों और निबंधों के जरिये गढ़ा विकसित भारत का सपना

बच्चों के सपनों और कल्पनाओं में दिखता है विकसित भारत का संकल्प

जिला स्तरीय चित्रकला एवं निबंध स्पर्धा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्कूल शिक्षा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव ने शनिवार को सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर राजनांदगांव में आयोजित मेरे सपनों का भारत के तहत जिला स्तरीय चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता कार्यक्रम में शामिल हुए।

प्रभारी मंत्री श्री यादव ने डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर राजनांदगांव के ऑडिटोरियम के मरम्मत कार्य के लिए राशि उपलब्ध कराने की घोषणा की। उन्होंने बालक-बालिकाओं के लिए पृथक शौचालय निर्माण तथा विद्यालय में 5 अतिरिक्त कक्षों के निर्माण की भी घोषणा की। इसके साथ ही पेण्ड्री, मोहारा और शंकरपुर सहित अन्य स्कूलों से संबंधित विकास कार्यों के लिए भी राशि उपलब्ध कराने की घोषणा की। कार्यक्रम में जिले के सभी विकासखंडो के चयनित विद्यार्थियों द्वारा ड्राइंग्स और पोस्टर की प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। इसी प्रकार भाषण प्रतियोगिता में सभी विकासखंडों के चयनित विद्यार्थियों द्वारा अपनी सहभागिता भाषण के रूप में दी। प्रभारी मंत्री श्री यादव ने विजेता प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, खूबचंद पारख, कोमल सिंह राजपूत, पूर्व विधायक विनोद खाण्डेकर, भरत वर्मा, एमडी ठाकुर, राजेन्द्र गोलछा, जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल सहित जनप्रतिनिधिगण, शिक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन के अधिकारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यार्थी उपस्थित थे।



स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने की अपील

प्रभारी मंत्री यादव ने छग की पारंपरिक कला और हस्तशिल्प का उल्लेख करते कहा कि हमारी समृद्ध परंपराओं और स्थानीय कौशल को आगे बढ़ाना आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। विद्यार्थियों से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने, नशामुक्ति तथा स्वच्छता में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की।

युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी

सांसद ने कहा कि कठिन परिस्थितियों में साहस और मानवता का परिचय देने वाली प्रेरणादायी घटनाएं युवाओं को अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक करती हैं। सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि कोई भी कार्य केवल जिम्मेदारी पूरी करने के लिए नहीं, बल्कि उसके पीछे बड़े उद्देश्य और सकारात्मक सोच के साथ किया जाए तो उसका प्रभाव व्यापक होता है। उन्होंने वर्ष 2047 में स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूर्ण होने का उल्लेख करते कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। शिक्षा, कला, कौशल, परिश्रम और राष्ट्रीयता की भावना के साथ आगे बढ़कर विद्यार्थी देश को रक्षा, अर्थव्यवस्था, कृषि, विज्ञान और अन्य क्षेत्रों में नई ऊंचाइयों तक ले जाने में योगदान दे सकते हैं।

रचनात्मक प्रस्तुतियों की सराहना

सांसद संतोष पाण्डेय ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और रचनात्मक प्रस्तुतियों की सराहना करते कहा कि बच्चों को प्रोत्साहन और उचित मंच मिलने से उनके आत्मविश्वास को नई दिशा मिलती है। उन्होंने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के साथ उनके शिक्षकों और पालकों को भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि छोटी-सी उपलब्धि भी बच्चों के भीतर आगे बढ़ने और बेहतर करने की प्रेरणा पैदा करती है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव प्रतिभाओं की धरती है। हॉकी, कबड्डी, वेटलिफ्टिंग सहित विभिन्न खेलों में जिले के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों में प्रतिभा के साथ साहस, संवेदना और राष्ट्रहित की भावना विकसित करना भी आवश्यक है।

बच्चों की कल्पनाओं में विकसित भारत की मजबूत नींव

प्रभारी मंत्री यादव ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते कहा कि बच्चों के सपनों और उनकी कल्पनाओं में ही विकसित भारत की मजबूत नींव दिखाई देती है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि मेरे सपनों का भारत के माध्यम से विद्यार्थियों को वर्ष 2014 के भारत, वर्तमान भारत और वर्ष 2047 के विकसित भारत की कल्पना को चित्र, पेंटिंग और निबंध के माध्यम से अभिव्यक्त करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्ष 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना की गई है। आज के विद्यार्थी ही आने वाले समय में इस संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की दिशा में वोकल फॉर लोकल तथा मेक इन इंडिया जैसे अभियानों के माध्यम से देश में निर्माण और स्वावलंबन की भावना को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने देश, प्रदेश और स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों, कला, कौशल और उत्पादों के प्रति गौरव की भावना रखने का आह्वान किया।

चाकू दिखाकर होटल संचालक से वसूली आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धारदार चाकू दिखाकर होटल संचालक से अवैध वसूली एवं तोड़फोड़ करने के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी नीरज कुमार पटेल निवासी लालबहादुर नगर द्वारा 18 सितंबर को पुलिस चौकी चिचोला में सूचना दी गई कि वह अपने होटल में मौजूद था। इसी दौरान होटल के सामने कार से सात व्यक्ति पहुंचे और प्रार्थी से 800 रुपए देने की मांग करने लगे।

पूर्व में चार पकड़े गए

प्रार्थी द्वारा रुपए देने से मना करने पर आरोपियों ने धारदार चाकू दिखाकर गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी दी तथा होटल के सामान में तोड़फोड़ करने लगे। प्रार्थी द्वारा तत्काल डायल-112 पर सूचना दी गई। घटना की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते घटना में शामिल आरोपी केशव साहू 45 वर्ष, पूरन साहू 36 वर्ष, विनोद नंदेश्वर 27 वर्ष व आकाश यादव 26 वर्ष को 19 सितंबर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था, जहां से चारों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

फरार आरोपी पकड़ाया, कार बरामद

प्रकरण में फरार आरोपी सचिन वर्मा, कैलाश यादव एवं मोनू निवासी डोंगरगढ़ की लगातार तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में 2 अक्टूबर को मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर फरार आरोपी सचिन वर्मा 23 वर्ष को पकड़ा गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया। घटना में प्रयुक्त कार को भी आरोपी से विधिवत जब्त किया गया है।प्रकरण के अन्य फरार आरोपियों की तलाश एवं पतासाजी लगातार जारी है।

माता परमेश्वरी जयंती पर दो दिवसीय आयोजन



- नगर देवांगन समाज ने प्रेस कान्फ्रेंस में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

माता परमेश्वरी महोत्सव के दो दिवसीय भव्य आयोजन की तैयारी को लेकर नगर देवांगन समाज द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस करते बताया गया कि आगामी 11 फरवरी बसंत पंचमी के अवसर पर माता परमेश्वरी जयंती महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसको लेकर भव्य तैयारी शुरू कर दी गई है।

आयोजन की जानकारी देते नगर देवांगन समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राहुल देवांगन ने बताया कि दो दिवसीय इस आयोजन में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता महिलाओं और बच्चों के बीच आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही 108 जोड़े का आदर्श सामूहिक विवाह, रक्तदान शिविर और नशामुक्ति का संदेश देने कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

प्रेस कॉन्फ्रेंस करते नगर देवांगन समाज द्वारा माता परमेश्वरी जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने सरकार से मांग की गई है। समाज के अध्यक्ष ने बताया कि वर्ष 2016 में सरकार से मांग करने पर माता परमेश्वरी जयंती पर एच्छिक अवकाश घोषित किया गया है, लेकिन समाज द्वारा इस दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित करने मांग की जा रही है। प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान झम्मन देवांगन, विद्यानंद देवांगन, जितेंद्र देवांगन, उदय देवांगन, गणेश देवांगन, लूपचंद देवांगन, दयावान देवांगन, दुर्गा प्रसाद देवांगन, चंचल देवांगन, पूनम देवांगन, नरेंद्र देवांगन सहित अन्य सामाजिक सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

रेलवे लाइन में युवक मृत मिला, शिनाख्त नहीं

राजनांदगांव। रेलवे फाटक के पास रेलवे लाइन में एक युवक मृत अवस्था में मिला है। घटना की सूचना पर पुलिस मृतक की शिनाख्ति का प्रयास कर रही है। पुलिस के अनुसार सुकुलदैहान पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत हल्दी रेलवे फाटक के आगे रेलवे ट्रैक के पास एक व्यक्ति मृत अवस्था में मिला है। जिसकी उम्र लगभग 40 वर्ष है। वह सफेद चेकदार शर्ट, नीला रंग का जींस पहना हुआ है। मृतक के दाहिने कलाई के पास ओम तथा बांए कलाई पास मोनू गोदना से लिखा है। मृतक की शिनाख्ति नहीं हो पाई है। पुलिस मृतक की शिनाख्ति का प्रयास कर रही है।







हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 4 अक्टूबर 2026

आवश्यकता है
डोंगरगढ़ आफिस कार्य हेतु
पार्ट टाईम कम्प्यूटर ऑपरेटर
की (प्रतिदिन 3 घंटे हेतु) जो कि
Tally & Sale Purchase
का जानकार हो।
वेतन 7000/- रु. प्रतिमाह
संपर्क करें 7470870092

102 दिन सक्रिय रहने के बाद लौटा मानसून, अंचल में औसत से बेहतर बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इस बार करीबन दस दिनों की देरी से 24 जून को दस्तक देने वाला मानसून अब अंचल से लौट गया है। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को अंचल से मानसून की विदाई दर्ज की गई। ज्ञात हो कि इस बार करीबन 102 दिन तक प्रभावी रहे मानसून के दौरान राजनांदगांव जिले में औसत से बेहतर बारिश देखने को मिली है। वहीं केसीजी जिला भी औसत से बेहतर स्थिति में रहा। हालांकि वनांचल जिला एमएमसी इस बार औसत बारिश से काफी पीछे रह गया।

अलग खबर

मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून के लौटने का सिलसिला चार दिन पहले ही शुरू हो गया था। प्रदेश में पिछले दो दिनों से बस्तर से होते हुए विदाई शुरू हुई थी। राजनांदगांव सहित खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और मोहला-मानपुर-चौकी जिले में भी शनिवार को विदाई दर्ज कर ली गई है। ज्ञात हो कि इस बार ऐसा बताया गया था कि अंचल में मानसून की दस्तक डेढ़ दशक में सबसे देरी से हुई थी। ऐसे में मानसून के दौरान अल्प वर्षा को लेकर भी चिंताए बढ़ गई थी, लेकिन राजनांदगांव और केसीजी जिले में औसत से अधिक बारिश होने से किसानों सहित आम लोगों को भी राहत मिली है। हालांकि इधर मानसून के लौटते ही अंचल में तापमान तेजी से चढ़ा है, शहर से लेकर गांव तक धुप तेज देखने को मिल रही है। विभाग के अनुसार इस माह के अंत तक तापमान के नीचे जाने की संभावना है।

मानसून सीजनः अंचल में 24 जून को दी थी मानसून ने दस्तक, शनिवार को हुई वापसी

नांदगांव में 102% बारिश

बारिश के सरकारी आंकड़ों के अनुसार राजनांदगांव जिले में इस बार मानसून के सीजन में कुल 1002 मिमी बारिश हुई है, जो औसत के मुकाबले 102 फीसदी है। वहीं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में 873 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो औसत 832 मिमी से लगभग पांच प्रतिशत अधिक है। वहीं मोहला-मानपुर-चौकी जिला अपनी औसत 1308 मिमी बारिश से 23 फीसदी पीछे रह गया। यहां इस मानसून में 1007 मिमी बारिश दर्ज की गई।



बेहतर उत्पादन की किसानों को उम्मीदें

इस बार भी मानसून में औसत से अधिक बारिश होने का असर फसल पर देखने को मिला है। किसानों के मुताबिक इस बार भी धान सहित अन्य फसल की ग्रोथ बेहतर देखने को मिली है। उम्मीदें है कि पिछले साल की तरह ही इस बार भी बंपर उत्पादन होगा।

सबसे गर्म रहा अंचल

इधर मानसून के थमते ही तापमान ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। गर्मी के मौसम में प्रदेश में अधिकांश दिनों में सबसे गर्म रहने वाला राजनांदगांव फिर से प्रदेश में सबसे गर्म शहर बन गया है। शनिवार को 34.5 डिग्री तापमान के साथ राजनांदगांव प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा। हालांकि रात के समय ठंडी हवाएं चलने का दौर शुरू हो गया है। जिससे कुछ राहत जरूर मिली है।

कार सवार तीनों दोस्त सुरक्षित, आगे की जांच में जुटी पुलिस टीम

नांदगांव में फिल्म देखकर गोंदिया लौटते खड़ी मोपेड से टकराई कार, जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ क्षेत्र में बीती रात एक कार खड़ी मोपेड से जा टकराई। जिससे कार व बाइक दोनों धूं-धूं कर जल उठे। इस घटना में कार सवारों को सुरक्षित बताया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोंदिया क्षेत्र से एक ईव्ही कार में सवार होकर तीन लोग राजनांदगांव आए हुए थे। यहां फिल्म इत्यादी देखकर वे वापस लौटते समय डोंगरगढ़ दर्शन के लिए जाने लगे। उनकी कार मुरमुंदा रोड के पास एक ढाबा के करीब पहुंची ही थी कि कार एक खड़ी मोपेड से जा टकराई।

खास बातें
- मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने जा रहे थे डोंगरगढ़
- शुक्रवार-शनिवार दरम्यानी रात कार और स्कूटी के बीच जोरदार टक्कर
- जांच में जुटी पुलिस



जांच में जुटी पुलिस

बताया गया कि इस मामले के सामने आने के बाद अब डोंगरगढ़ पुलिस ने भी अपनी जांच शुरु कर दी है। टीम वाहन के मालिक का पता लगाने और पंजीयन संबंधी जांच में जुट गई है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि स्कूटी किसकी है और हादसे के वक्त उसे कौन चला रहा था। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि दोनों वाहनों की टक्कर किन परिस्थितियों में हुई। बताया गया कि दोनों वाहन इस घटना में बूरी तरह से जल गए है।

क्षेत्र में सनसनी

बताया जाता है कि मोपेड को ठोकर मारते ही कार में अचानक आग लग गई, जो मोपेड को भी अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं फायर बिग्रेड की टीम भी पहुंची, लेकिन कार मोपेड दोनों बुरी तरह जल चुके थे। बताया गया कि कार में गोंदिया क्षेत्र के तीन लोग सवार थे, जो सुरक्षित हैं। इधर इस घटना की जानकारी जैसे ही आसपास के ग्रामीणों को हुई, सनसनी फैल गई थी। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

एस.एम.सी. सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय-रोग सम्बंधित परामर्श लें
07 अक्टूबर 2026 (बुधवार) को कवर्धा में

छ.ग. के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. ऋषभ सोनी
MBBS M.D General Medicines D.M
Interventional Cardiology

स्थानः- साई संजीवनी हॉस्पिटल, भारत माता चौक, कवर्धा (छ.ग.)
दिनांक 07.10.2026 (बुधवार), समय : सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक
एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लास्टी की सुविधा
आयुष्मान भारत से मान्यता प्राप्त
समस्त हृदय रोगो के इलाज की सुविधा उपलब्ध
ESIC, CSEB, SECL से मान्यता प्राप्त
पूर्व रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें:-
9617099644

Infront of BSNL office, Vidhan Sabha Road,
Near Ashok Ratan, Shankar Nagar, Raipur (C.G.)
9039855001/9039855002
www.smchospital.in


राधेश्याम राठिया सांसद, रायगढ़
केराबाई मनहर पूर्व विधायक सारंगढ़
संजय भूषण पाण्डेय अध्यक्ष जिला पंचायत सारंगढ़
ज्योति पटेल जिलाध्यक्ष भाजपा सारंगढ़
कमलेश अग्रवाल अध्यक्ष नगर पंचायत सरिया
जगन्नाथ पाणिग्राही प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा
डॉ अभिलाषा कैलाश नायक जिला पंचायत सदस्य
विनोद भारद्वाज जिला पंचायत सदस्य सारंगढ़
ताराचंद देवांगन जिलाध्यक्ष कांग्रेस
श्रीमती ममता राजीव सिंह अध्यक्ष जनपद पंचायत सारंगढ़
सोनी अजय बंजारे अध्यक्ष नगर पालिका सारंगढ़
पदमा घनश्याम मनहर पूर्व विधायक सारंगढ़
कविता प्राण लहरे विधायक बिलाईगढ़
श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े विधायक सारंगढ़

हरिभूमि & inh 24x7 बढ़ते भारत की आवाज़
समाचार ही नहीं, विचार भी
Presents

जिला संवाद 2026
सारंगढ़-बिलाईगढ़


श्रीमती पद्मिनी भोई साहू
कलेक्टर
सारंगढ़-बिलाईगढ़


श्री सुनील शर्मा जी
पुलिस अधीक्षक
सारंगढ़-बिलाईगढ़


रतन शर्मा
जिलाध्यक्ष कैट
सारंगढ़-बिलाईगढ़


डॉ. आनंद प्रधान
प्रधान हॉस्पिटल दानसरा
सारंगढ़


मुकेश अग्रवाल
जिलाध्यक्ष
राइस मिल एसोसिएशन
सारंगढ़-बिलाईगढ़


संगीत सिंह ठाकुर
जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़
चेबर ऑफ कामर्स
इंड्रस्टीज सारंगढ़-बिलाईगढ़


सतीश यादव
अध्यक्ष सेवा भारती
एवं समाजसेवी

छत्तीसगढ़ सरकार के ढाई वर्ष पूर्ण होने पर जिले के विकास में
कारगर हो रही योजनाओं, विकास कार्यों एवं समस्याओं पर विस्तार से चर्चा एवं मंथन एक मंच पर


मान. टंकराम वर्मा
राजस्व एवं उच्च शिक्षा मंत्री
प्रभारी मंत्री, जिला सारंगढ़- बिलाईगढ़


डॉ. हिमांशु द्विवेदी
प्रधान संपादक - हरिभूमि, आईएनएच


मान. गजेन्द्र यादव
शिक्षा मंत्री छ.ग. शासन

दिनांक : 4 अक्टूबर 2026, रविवार, समय : 3 बजे
कार्यक्रम स्थल : शुक्ला मैरिज पैलेस, बरमकेला रोड, सारंगढ़

इस महत्वपूर्ण अवसर पर आपकी गरिमामयी उपस्थिति सारंगढ़-बिलाईगढ़ के विकास को सुनिश्चित करेगी।

MP TATA PLAY 1155 | airtel 366 | bathway 229 | DEN 350 | ACN 172 | DEN JAIPUR 367 | SITI 359 | RCN 236 | RAJA CABLE 253 | ACN 227 | inh | जनता TV
CG TATA PLAY 1155 | airtel 366 | bathway 222 | DG 367 | 347 | Grand NEWS 345 | SITI 314 | BCC 326 | NST 1150 | VANDE MATRAM NETWORK 397 | 478 | NEXT DIGITAL 812
एवं सभी केबल नेटवर्क पर उपलब्ध

खबर संक्षेप

मक्के स्कूल में गांधी जयंती मनाया गई



कवर्धा। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मक्के में 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में प्रधान पाठिका संकुल समन्वयक एलवीना विलसन, प्रधान पाठक कपूर चन्द्रवंशी, शिक्षक कौशल प्रसाद, युगल किशोर साहू सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थें। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा ड्रॉइंग एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई तथा महात्मा गांधी के जीवन, सत्य, अहिंसा एवं उनके योगदान के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में गांधी के आदर्शों एवं देशभक्ति की भावना का विकास करना रहा।

युवा कांग्रेस संगठन चुनाव के बाद बढ़ी हलचल

कोलेगांव। छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय पार्टी के युवा संगठन के चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब परिणाम को लेकर राजनीतिक हलचल और चर्चाएं तेज हो गई हैं। युवा प्रदेश अध्यक्ष, जिला युवा अध्यक्ष, ब्लॉक युवा अध्यक्ष और विधानसभा युवा अध्यक्ष पद के लिए अलग-अलग दावेदारों ने अपनी दावेदारी पेश की थी। इसके बाद करीब एक माह तक गांव-गांव पहुंचकर 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के माध्यम से ऑनलाइन वोटिंग की प्रक्रिया कराई गई। ऑनलाइन मतदान के दौरान युवा कार्यकर्ता अपने-अपने पसंदीदा प्रत्याशियों के समर्थन में वोट करते नजर आए। अब मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी की नजरें परिणाम पर टिकी हुई हैं। युवा संगठन में किस दावेदार के पक्ष में परिणाम आता है और किस खेमे को संगठन की जिम्मेदारी मिलती है, इसे लेकर कार्यकर्ताओं के बीच लगातार चर्चा हो रही है। इसी बीच कुंडा ब्लॉक के युवा अध्यक्ष पद को लेकर भी चर्चाएं तेज हैं। इस पद के लिए दो उम्मीदवारों ने अपनी दावेदारी पेश की है। दोनों उम्मीदवारों ने अपने-अपने समर्थकों के साथ चुनावी प्रक्रिया में भाग लिया और ऑनलाइन मतदान के माध्यम से समर्थन जुटाने का प्रयास किया। अब परिणाम सामने आने के बाद ही स्पष्ट होगा कि कुंडा ब्लॉक युवा अध्यक्ष की जिम्मेदारी किसके हाथों में जाती है।

निधन

श्रीमती निशा शुक्ला

कवर्धा। बैहरसरी निवासी रमाकांत शुक्ला की धर्मपत्नी श्रीमती निशा शुक्ला आयु 55 वर्ष स्वास्थ्य संबंधी कारणों से इलाज के दौरान रायपुर के एक निजी अस्पताल में शुक्रवार-शनिवार की मध्यरात्रि आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से परिजनों सहित ग्रामीणों में शोक की लहर छा गई। श्रीमती शुक्ला का अंतिम संस्कार शनिवार को उनके गृह ग्राम बैहरसरी में किया गया। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं सामाजिक लोग शामिल हुए और दिवंगत श्रीमती शुक्ला को श्रद्धांजलि अर्पित की। परिवारजनों ने बताया कि वे सहज, मिलनसार एवं सामाजिक व्यवहार के लिए जानी जाती थीं



निधन

गुलबीराम भास्कर

कोलेगांव। विकासखंड पंडरिया के ग्राम रापा निवासी गुलबी राम भास्कर का निधन गत दिनों शुक्रवार को हो गया, स्व. गुलबीराम भास्कर का अंतिम संस्कार ग्राम रापा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान आसपास क्षेत्र के गणमान्य नागरिक व ग्रामीण जन उपस्थित होकर स्व. गुलबीराम भास्कर को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्व. गुलबीराम भास्कर ग्राम पंचायत रापा के सरपंच संतोष भास्कर के पिता थें।



नौ माह में लाखों मरीजों को मिला बेहतर व नि:शुल्क उपचार

जिला अस्पताल कबीरधाम में स्वास्थ्य सेवाओं का बढ़ा दायरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

मेडिकल कॉलेज का खुलना स्वास्थ्य सुविधाओं के दिशा में महत्वपूर्ण कदम



स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार से जिले के लोगों को उपचार के लिए दूसरे बड़े शहरों और अस्पतालों पर निर्भरता कम करने में मदद मिल रही है। विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं, जांच सुविधाओं, सर्जरी, प्रसव, डायलिसिस और कीमोथेरेपी जैसी सुविधाओं की उपलब्धता से जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार हुआ है। जिले में मेडिकल कॉलेज का खुलना भी स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। मेडिकल कॉलेज के संचालन से चिकित्सा शिक्षा के साथ-साथ विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, बेहतर उपचार और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इससे कबीरधाम जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूती मिलने के साथ आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को भी लाभ मिलने की संभावना है।

जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और बेहतर चिकित्सा सेवाओं का लाभ बड़ी संख्या में मरीजों को मिल रहा है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशों तथा स्वास्थ्य सुविधाओं में लगातार हो रहे सुधार के चलते जिला अस्पताल कबीरधाम में जनवरी से सितंबर 2026 तक विभिन्न चिकित्सा सेवाओं के माध्यम से हजारों मरीजों का उपचार किया गया। अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं और जांच सेवाओं का दायरा बढ़ने से मरीजों को जिले में ही उपचार और आवश्यक जांच की सुविधा मिल रही है।

जनवरी से सितंबर 2026 के बीच जिला अस्पताल की ओपीडी में 1 लाख 35 हजार 49 मरीजों ने उपचार कराया। वहीं 11 हजार 505 मरीजों को आईपीडी के माध्यम से भर्ती कर उपचार दिया गया। इस अवधि में अस्पताल में कुल 3,016 प्रसव हुए, जिनमें 866 प्रसव सर्जरी के माध्यम से कराए गए। इससे गंभीर और जटिल प्रसव के मामलों में भी अस्पताल की भूमिका महत्वपूर्ण रही है।

जिला अस्पताल में जांच सुविधाओं का भी व्यापक उपयोग हुआ, नौ माह की अवधि में 8,256 एक्स-रे, 6,122 सोनोग्राफी और 1,804 सीटी स्कैन किए गए। इन जांच सुविधाओं से मरीजों को बीमारी की समय पर पहचान और उपचार में सहायता मिली।

अस्पताल में पैथोलॉजी जांच की सुविधा का भी बड़े पैमाने पर उपयोग हुआ और इस अवधि में कुल 3 लाख 12 हजार 413 लैब जांच की गईं। साथ ही सर्जरी के क्षेत्र में भी जिला अस्पताल ने महत्वपूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराई। जनवरी से सितंबर के बीच 1,115 मेजर सर्जरी तथा 1,230 माइनर सर्जरी की गईं। इससे मरीजों को सामान्य से लेकर जटिल मामलों में आवश्यक उपचार की सुविधा जिला स्तर पर ही उपलब्ध हुई।

वहीं किडनी रोगियों के लिए डायलिसिस सेवा भी अस्पताल में संचालित हो रही है। इस अवधि में 32 मरीजों को कुल 3,192 बार डायलिसिस की सुविधा दी गई। इसी तरह कैंसर मरीजों के उपचार के लिए कीमोथेरेपी सेवा का लाभ भी मरीजों को मिला।

मेडिकल की पढ़ाई के लिए संगठन द्वारा तीन छात्रों को 25-25 हजार आर्थिक मदद



■ समाज के छात्राओं व पालकों का एक सादे समारोह में पीले गमछा से स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छग अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ द्वारा इस वर्ष शासकीय मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के लिए चयनित 13 प्रतिभावान आदिवासी समाज के छात्राओं और उनके पालकों का एक सादे समारोह में पीले गमछा एवं पुष्पहार से स्वागत कर बधाई दिए।

मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार जिलाध्यक्ष आसकरण सिंह धुर्वे ने बताया कि इस वर्ष जिले से कुल 13 आदिवासी विद्यार्थियों का शासकीय मेडिकल कॉलेज में चयन हुआ है, जिसमें भूमिका श्याम, जागेश परस्ते, अंकित सिंदराम, राहुल मरकाम, हर्ष कुमार धुर्वे, आकाश धुर्वे, शीतल मंडावी, छत्रपाल नेताम, नितेश परस्ते, बलिराम मरकाम, जितेन्द्री मरकाम, द्वारिका मरकाम, शैलेन्द्र परस्ते जिसमें से 12 बच्चे गोंड आदिवासी समाज से तथा एक बच्चे अगरिया आदिवासी समाज से है।

जागेश परस्ते आगरिया आदिवासी समाज से जिले का पहला बच्चा है जो डॉक्टर बनेगा जिससे समाज में भारी खुशी का माहौल है। जागेश परस्ते नवापारा पोलमी, अंकित सिंदराम छिन्दीपारा सनकपाट, बलिराम मरकाम केशलीगोड़ान इन तीनों के परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है जिस पर संगठन को आर्थिक सहयोग हेतु आवेदन दिए थे। वर्तमान में इन तीनों बच्चों को मेडिकल की पढ़ाई के लिए 25-25 हजार रुपए का सहयोग राशि प्रदान किया गया।

उपस्थित पालकों ने संगठन के कार्यों की सराहना करते आभार व्यक्त किया। इस सम्मान समारोह में संगठन के जिला संरक्षक प्रेम सिंह टेकाम, जिला अध्यक्ष आसकरण सिंह धुर्वे, अंजोर सिंह सिदार, शिवराम सिंह श्याम, गेंदूराम मरावी, कृष्णा धुर्वे, मालिक मरकाम, कैलाश मंडावी, ईश्वर सिंह परस्ते, रामचरण धुर्वे, उत्तम पोर्टे, भुवन सिन्दराम, रामायण मरावी, रामकुमार मरकाम, चैतराम धुर्वे, राजाराम मरकाम, टीकाराम ध्रुव, उमाशंकर राज परमेश्वर सिदार, महेश राम श्याम, आदि उपस्थित थें।

विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य, कल्याण को बढ़ावा देने क्षमता निर्माण संपन्न

कवर्धा। श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं समग्र कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों एवं विद्यालय से जुड़े सदस्यों को विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन, तनाव प्रबंधन तथा सकारात्मक एवं सहयोगात्मक वातावरण निर्माण के प्रति जागरूक एवं सक्षम बनाना था। कार्यक्रम में संसाधन व्यक्तियों के रूप में मिसेज ग्रेसिया ऐन फीग्रेड, प्राचार्य, दिल्ली पब्लिक स्कूल, कवर्धा तथा श्रीमती सविता चतुर्वेदी, प्राचार्य, आदर्श विद्यालय, आदर्श नगर, रायपुर ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान संसाधन व्यक्तियों ने विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर सारगर्भित जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों में तनाव, चिंता, परीक्षा संबंधी दबाव, आत्मविश्वास की कमी तथा भावनात्मक चुनौतियों को समझने और उनसे संवेदनशीलता के साथ निपटने के विभिन्न तरीकों पर चर्चा की।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विविध गतिविधियों का आयोजन

■ नुक्कड़ नाटक, सामूहिक श्रमदान, स्वच्छता पाठशाला का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



आचार्य पंथ श्री गुंथ मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता एवं स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया गया।

अभियान के तहत स्वच्छता शपथ, स्वच्छता अभियान, स्वच्छता विषयक नुक्कड़ नाटक, सामूहिक श्रमदान, स्वच्छता पाठशाला तथा स्वच्छता संदेश आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ ऋचा मिश्रा ने की। उन्होंने महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के साथ-साथ अपने घर एवं आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ कविता कन्नौजे ने किया, उनके मार्गदर्शन में रासेयो स्वयंसेविकाओं ने तथा पुरुष इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ राकेश चंदेल के नेतृत्व में रासेयो स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित थें।

राज्य स्तरीय स्पर्धा में बालक टीम ने जीता रजत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ के तत्वाधान में आयोजित 26 वी बेसबॉल जूनियर राज्य स्तरीय चैंपियनशिप बालक-बालिका प्रतियोगिता का आयोजन बिलासपुर में 2 अक्टूबर को आयोजित हुआ जिसमें नगर के प्रयास स्पोर्ट्स एकेडमी कवर्धा के बालक व बालिका दोनों वर्गों की दल सम्मिलित हुए थे। जिसमें बालक टीम में चंद्रेश कोर्राम, भावेश चंद्रवंशी, सोहम सिंह राजपूत, वासुदेव वैष्णव, शुभम सेन, लक्ष्य लांझी, वासु चंद्रवंशी, प्रेषु चौरसिया, साहिल उर्वसा, पंकज मेरावी ने अपने शानदार प्रदर्शन से रजत पदक प्राप्त कर कबीरधाम जिले का नाम रौशन किए है, वही इस प्रतियोगीता में कोच के रूप में एकेडमी के प्रशिक्षक राजा जोशी, भूपेंद्र गढ़े, संजय मीरे, रवीन्द्र साहू एवं कलेश्वर निर्मलकर का पदक लगाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस प्रतियोगिता में चंद्रेश कोर्राम, पंकज मेरावी, भावेश चंद्रवंशी एवं साहिल का शानदार प्रदर्शन रहा जिन्होंने कबीरधाम टीम को पदक लगाने में अहम योगदान दिए।



एकेडमी के बालक टीम द्वारा बेसबॉल जूनियर वर्ग राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रजत पदक लगाने के उपलक्ष्य पर चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी नपाध्यक्ष, एकेडमी अध्यक्ष गणेश तिवारी, संस्थापक राजा पीयूष टाटिया, निज सहायक नरेंद्र मानिकपुरी, निज सहायक गजराज सिंह राजपूत, पार्षद दीपक सिन्हा, अशोक पब्लिक स्कूल के संचालक पवन देवांगन, वरिष्ठ समाजसेवक अतुल देशलहरा, सदस्य दिनेश वर्गिस, श्याम चकोर सहित समस्त खिलाड़ियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

लोग उमस भरी गर्मी से परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शहर व अंचल में बढ़ती तेज धूप व उमस भरी गर्मी से आम नागरिक को भारी दिक्कते व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मंडला से भोरमदेव पहुंचे इंटेक सदस्य, विरासत से परिचय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के गांधी जयंती पर 2 अक्टूबर को पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश के नर्मदा की नगरी मंडला जिले की भारतीय राष्ट्रीय कला एवं सांस्कृतिक विरासत ट्रस्ट के 25 महिला-पुरुषों का दल एक दिवसीय भ्रमण पर आध्यात्मिक गौरव भोरमदेव पहुंचे।



इंटेक, भारत में कला, संस्कृति, इतिहास से जुड़े हुए प्राकृतिक एवं मानव निर्मित विरासतों के अध्ययन, संरक्षण एवं इनके प्रति जागरूकता के लिए कार्य करने वाली अखिल भारतीय संस्था है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए मंडला अध्याय के संयोजक अरुण अग्रवाल के नेतृत्व में हमारी विरासत सरहद के पार नाम से भ्रमण के लिए पहुंचे। इंटेक कवर्धा अध्याय के संयोजक योगेश्वर राज सिंह के निर्देश और मार्ग दर्शन में इंटेक के स्थायी सदस्य आदित्य कुमार श्रीवास्तव, अन्य सदस्य मोहित खनूजा, असलम नवाज एवं सलमान ने भोरमदेव पहुंचकर उनका स्वागत किया तथा संस्था की ओर से सौजन्य स्वल्पाहार कराया। तत्पश्चात मंडला के सभी सदस्यों को आदित्य श्रीवास्तव ने मंदिर के इतिहास, निर्माण शैली, पुरातत्व के क्षेत्र में भोरमदेव का महत्व तथा मंदिर के धार्मिक महत्व की विस्तृत जानकारी दी।

उसके बाद सदस्यों ने पहले संग्रहालय का भ्रमण किया तथा मूर्तियों की निर्माण शैली पर अनेकों प्रश्न किए और आश्चर्य व्यक्त किया कि यहां की विरासत कितनी अधिक समृद्ध है। तत्पश्चात सदस्यों ने मंदिर में पूजा अर्चना की तथा अपने को धन्य माना। संयोजक अरुण अग्रवाल ने कहा कि आप लोगों के सहयोग से हमने इस पुरातात्विक सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक स्थल का समग्र दर्शन कर सभी सदस्य अत्यन्त प्रसन्न हैं तथा योगेश्वर राज सिंह तथा सभी का

आरपीएस में मनाई गई गांधी व शास्त्री जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा दोनों महान विभूतियों के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया तथा उनके आदर्शों एवं विचारों को स्मरण किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। सभी ने मिलकर विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की और स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया। इस अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।

महात्मा गांधी के स्वच्छता, सत्य और अहिंसा के विचारों तथा लाल बहादुर शास्त्री के सादगी, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के आदर्शों को याद करते हुए विद्यालय परिवार ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि इसे अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाना चाहिए।

मॉय भारत यूथ वॉलंटियर्स के युवाओं ने धूमधाम से मनाई गांधी जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत खम्हरिया में मेरा युवा भारत कवर्धा (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) के संयुक्त तत्वावधान में श्रद्धांजलि एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम जिला युवा अधिकारी राज पटेल के मार्गदर्शन में तथा राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक रोहित रजक, ब्लॉक पंडरिया के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित युवाओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर युवाओं ने गांधी के सत्य, अहिंसा, शांति, प्रेम और स्वच्छता के सिद्धांतों को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर युवाओं को संबोधित करते हुए महात्मा गांधी जी के विचारों और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी गई। साथ ही समाज में स्वच्छता, सामाजिक एकता, आपसी सद्भाव और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम में जय महामाया नवयुवक मंडल, ग्राम खम्हरिया के सदस्य प्रकाश निर्मलकर, नागेश्वर कश्यप, भागवत, आकाश, आशीष, मनोहर, आशीष निषाद, अजित, सुभाष, कोमल, पप्पू एवं सूर्या रजक सहित अन्य युवा उपस्थित रहे। सभी युवाओं ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया और गांधी के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करना तथा समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना रहा।



आरोप: ग्राम गड़ई में समाज के लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन, जुटी भारी भीड़

तुकाराम के खिलाफ उनके ही समाज ने खोला मोर्चा, विरोध में किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कहने को तो तुकाराम चन्द्रवंशी कांग्रेस के युवा नेता हैं और एक विपक्षी दल के युवा नेता होने के नाते उनके निशाने पर हमेशा शासन-प्रशासन होता है।

तुकाराम चन्द्रवंशी मुख्य रूप से जिले की कवर्धा तथा पंडरिया विधानसभा के अलावा अब प्रदेश के दूसरे जिलों में भी सक्रिय नजर आ रहे हैं, कभी कथित निर्माण कार्यो की गुणवत्ता को लेकर, तो कभी शासन की योजनाओं में धांधली और भर्राशाही को लेकर, तो कभी जनमानस से जुड़ी समस्याओं को लेकर वे सुर्खियों में रहते हैं और शासन-प्रशासन पर गजरते तथा बरसते हुए सोशल मीडिया रील पोस्ट करते रहते हैं। कुछ लोगों को उनकी यह कार्य शैली और अंदाज पसंद आता है और कुछ लोगों को यह न गवार गुजरता है। हैरानी की बात यह है कि तुकाराम चन्द्रवंशी की यह कार्यशैली उनके ही समाज के लोगों को पसंद नहीं आ रही है और समाज के लोगों ने उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जानकारी के अनुसार शनिवार को समाज के सैकड़ों लोगों ने ग्राम गड़ई में तुकाराम चन्द्रवंशी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। इस दौरान समाज के लोगों ने तुकाराम चन्द्रवंशी के सामाजिक बहिष्कार तक की मांग कर डाली। खबर तो यहां तक है कि इन सामाजिक लोगों में कई कांग्रेस के भी कार्यकर्ता व पदाधिकारी हैं।

हालांकि यह पहली मर्तवा नहीं है जब तुकाराम चन्द्रवंशी का विरोध हुआ हो। इससे पहले भी वे कई बार सामाजिक लोगों, प्रशासनिक अधिकारियों, राजनैतिक दलों, ठेकेदारों, महिलाओं के निशाने पर आ चुके हैं। ये अलग विषय है कि इन तमाम विरोधों के बाद भी तुकाराम चन्द्रवंशी की सेहद पर कोई फर्क नहीं पड़ा है और उनकी रील अब भी सोशल मीडिया पर खूब दौंड़ रही है।

देखने वाली बात होगी की इस बार का सामाजिक विरोध उनकी सेहद पर कितना फर्क डाल पाता है। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से चन्द्रनाहू कुर्मी समाज के जिलाध्यक्ष सतीश चन्द्रवंशी, कांग्रेस नेता और विधायक प्रत्याशी रहे नीलू चन्द्रवंशी, रूपेश चन्द्रवंशी, सियाराम चन्द्रवंशी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।



समाज के लोगों ने लगाए कई गंभीर आरोप

विरोध प्रदर्शन के दौरान समाज के लोगों ने तुकाराम चन्द्रवंशी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि श्री चन्द्रवंशी नियम कायदों को ताक में रखकर काम कर रहे हैं। उन्होने कहा कि समाज के कई लोग सरकारी निर्माण कार्य ऐजेंसियों के ठेकेदार है और निर्माण कार्यो को गुणवत्ता के साथ मूर्त रूप दे रहे हैं। लेकिन तुकाराम चन्द्रवंशी इन निर्माण कार्यो की गुणवत्ता पर अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए उन्हें कभी खोद रहे है तो कभी तोड़ रहे हैं जो की नियम विरूद्ध है। समाज के लोगों ने कहा कि अगर उन्हें कोई आपत्ति अथवा शिकायत है तो वे या तो शासन-प्रशासन या फिर संबंधित विभाग से शिकायत करें और निर्माण कार्यो की तकनीकी जांच कराएं लेकिन उनके द्वारा ऐसा न कर ठेकेदारों पर झूठे आरोप लगाकर उन्हें बदनाम किया जा रहा है। समाज के लोगों ने यह भी कहा कि तुकाराम चन्द्रवंशी स्वयं राईस मिल, गुड़ फैक्ट्री आदि संचालित करते हैं और इनमें जमकर फर्जीवाड़ा किया जाता है जिसकी शिकायतें भी सामने आई लेकिन कार्यवाही शून्य है।

पहले भी लग चुके हैं कई आरोप

तुकाराम चन्द्रवंशी का विवादों से हमेशा नाता रहा है। वे पूर्व में विधानसभा चुनाव के दौरान भी विवादों में रहे हैं और उनके खिलाफ पार्टी द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही की गई थी। इसके अलावा वे पूर्व में कथित गुणवत्ता विहीन सड़क को उखाड़ने, पंडरिया विधायक के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी जैसे मामलों में भी घिरे रहे हैं। कई बार श्री चन्द्रवंशी पर लेनदेन के भी आरोप लग चुके हैं। हालांकि इन सभी आरोपी की अभी तक कोई पुष्टि नहीं हुई और न ही शिकायदों पर कोई वैधानिक कार्यवाही की गई है।

गीता यादव ने बढ़ाया छग का मानः विजय

डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने भेंटकर दी बधाई



- गीता यादव ने टूर्नामेंट में दागे चार महत्वपूर्ण गोल

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम जिले के बोड़ला की बेटी गीता यादव ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी में शानदार प्रदर्शन कर जिले और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है।

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की सदस्य गीता ने एशिया कप में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए चार गोल दागे। उनकी इस उपलब्धि पर उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने कवर्धा स्थित अपने निवास कार्यालय में उनसे मुलाकात कर बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

भारत ने 13 सितंबर को चीन के खिलाफ खेले गए फाइनल मुकाबले में 1-0 से जीत दर्ज कर लगातार तीसरी बार जूनियर महिला एशिया कप का खिताब अपने नाम किया। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने जूनियर महिला हॉकी विश्व कप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया।

खेल सुविधाओं व संभावनाओं पर चर्चा

मुलाकात के दौरान विजय शर्मा ने गीता से उनकी खेल यात्रा, अंतरराष्ट्रीय अनुभव, प्रशिक्षण और भविष्य के लक्ष्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प से गीता ने यह मुकाम हासिल किया है। उनकी सफलता क्षेत्र की बेटियों और युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। इस दौरान क्षेत्र में खेल सुविधाओं, बेहतर प्रशिक्षण और स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई।

एनएच- 30 पर मवेशियों का डेरा स्कॉर्पियो से कुचलकर 2 की मौत

नेशनल हाईवे पर नहीं थम रहे हैं हादसे



- भोरमदेव चौक पर देर रात हुआ बड़ा सड़क हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

नगर के व्यस्त भोरमदेव चौक पर शुक्रवार देर रात करीब 12 बजे नेशनल हाईवे-30 पर भीषण सड़क हादसा हो गया। चिल्फी की ओर से आ रही स्कॉर्पियो क्रमांक सीजी 28 एल 1799 ने सड़क पर बैठी दो गायों को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर के बाद वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित गहरे गड्ढे में जा घुसा। हादसे में दोनों गायों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि स्कॉर्पियो सवार लोगों को मामूली चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना के समय सामने से एक ट्रेलर आ रहा था। ट्रेलर की तेज हेडलाइट की रोशनी सीधे स्कॉर्पियो चालक की आंखों पर पड़ने से कुछ समय के लिए उसे सड़क स्पष्ट दिखाई नहीं दी। इसी दौरान सड़क पर बैठी गायें वाहन चालक को नजर नहीं आईं और स्कॉर्पियो सीधे उनसे जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों गायों की मौके पर ही मौत हो गई और वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा घुसा। बताया जा रहा है कि दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो बैजलपुर क्षेत्र की है।

हाईवे पर मवेशियों का जमावड़ा बना चिंता का कारण

नेशनल हाईवे-30 पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगातार राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। विशेषकर रात के समय हाईवे पर बैठे मवेशी दूर से दिखाई नहीं देने के कारण दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईवे पर मवेशियों के बैठे रहने की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन संबंधित विभागों द्वारा इसे रोकने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों एवं राहगीरों ने प्रशासन से हाईवे से आवारा मवेशियों को हटाने के लिए अभियान चलाने तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक सुरक्षा इंतजाम करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि सड़क पर वाहन चालकों की सुरक्षा के साथ-साथ बेजुबान मवेशियों की जान बचाने के लिए भी ठोस व्यवस्था जरूरी है।

राजिम महासभा के चुनाव में संतोष यदु ने दर्ज की जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭चिल्फीघाटी

छत्तीसगढ़ यादव ठेठवार समाज राजिम महासभा के चुनाव में संतोष यदु ने शानदार जीत दर्ज की। उन्हें कुल 194 वोट प्राप्त हुए और उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 86 वोटों के अंतर से पराजित किया। जीत के बाद संतोष यदु ने इसका श्रेय समाज के लोगों के विश्वास, सहयोग और आशीर्वाद को दिया।

संतोष यदु, पिता स्व. निर्भय यदु, का जीवन संघर्ष, मेहनत और समाजसेवा के प्रति समर्पण का उदाहरण रहा है। ग्राम मुजगहन में जन्मे संतोष यदु महज छह वर्ष की उम्र में ग्राम सलोनी आ गए थे। किसान परिवार से जुड़े संतोष ने दूध बेचने और खेती-किसानी के साथ जीवन की कठिनाइयों का सामना किया। जनसेवा के संकल्प के साथ उन्होंने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत की और ग्राम पंचायत कोलर पार क्षेत्र में तीन बार निर्विरोध सरपंच चुने गए। इसके बाद उन्होंने सामाजिक नेतृत्व में कदम रखते हुए यादव ठेठवार समाज रायपुर राज के अध्यक्ष का दायित्व संभाला।

वर्तमान में भी वे इस पद पर समाज की सेवा कर रहे हैं। सहज व्यवहार, मिलनसार व्यक्तित्व और समाज के सुख-दुख में सहभागी बनने की उनकी शैली ने उन्हें विशेष पहचान दिलाई है।

जीत के बाद संतोष यदु ने कहा कि यह उनकी व्यक्तिगत जीत नहीं, बल्कि पूरे समाज की जीत है। उन्होंने सभी प्रत्याशियों और समाजजनों का आभार जताते हुए कहा कि अब उनका उद्देश्य सभी को साथ लेकर चलना, आपसी एकता व भाईचारा मजबूत करना तथा समाज के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करना है।



मनाई गई गांधी जी की 157वीं जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई

अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय पाण्डातराई में राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर महात्मा गांधी के जीवन दर्शन, विचारों और सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया गया।



कार्यक्रम अधिकारी डॉ. डीपी चंद्रवंशी ने महात्मा गांधी के जीवन दर्शन और उनके विचारों की प्रासंगिकता पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं, शिवराम सिंह श्याम ने विद्यार्थियों को गांधीजी के सिद्धांतों को अपने जीवन में आत्मसात करने तथा सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। इस अवसर पर महात्मा गांधी के जीवन और विचारों पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को तत्काल पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राओं के साथ सहायक प्राध्यापक डॉ. मुकेश कुमार त्यागी, अतिथि व्याख्याता डॉ. गोविंद ठाकुर, डॉ. राजकुमार वर्मा, डॉ. गजानन साहू, सूर्यभान सिंह, कामता चंद्रवंशी और श्रीमती पूर्वा गुप्ता उपस्थित रहीं।

इसके अलावा महाविद्यालय के कर्मचारी दीपक गुप्ता, चंद्र कुमार जायसवाल, दिनेश राज, विनय शर्मा, संजय मेरावी सहित अन्य की सहभागिता रही। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को गांधीजी के विचारों और आदर्शों से जुड़ने का संदेश दिया गया।

पिपरिया नगर में चलाया गया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरिया

2 अक्टूबर 2026 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 अंतर्गत नगर पंचायत पिपरिया में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पंचायत पिपरिया घुरूवा राम साहू ने कहा- बढ़ते कदम स्वच्छता की ओर-पिपरिया नगर में चहूं ओर। उन्होंने आगे कहा कि नगर में स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरूकता एक अभियान की भांति के रूप में देखा जा सकता है। आज स्वच्छता दीदियों के द्वारा घर घर कचरा संग्रहण किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रारंभ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया गया।

इसके पश्चात स्वच्छता अभियान के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 15 स्थित पैठू तालाब में विशेष स्वच्छता एवं सफाई कार्य किया गया। साथ ही नगर के प्रमुख स्थलों गांधी चौक एवं अटल परिसर में भी विशेष सफाई अभियान संचालित किया गया। उक्त कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष घुरूवा राम साहू, उपाध्यक्ष शिवचरण पटेल, पार्षदगण सोम पटेल, दुर्गेश साहू, प्रेमलाल साहू, चित्रबाहु देवांगन सहित नगरवासी उपस्थित थे।

नगर पालिका कवर्धा क्षेत्र में 10 जुलाई से 20 सितंबर तक किया गया था सर्वे

आबादी पट्टा सत्यापन के लिए 7 दिन का समय

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा आबादी पट्टा वितरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए नागरिकों से आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने की अपील की गई है।

पट्टाधृति अधिकार अधिनियम 2023 के तहत नगर पालिका सीमा क्षेत्र में आबादी पट्टा वितरण के लिए 10 जुलाई 2026 से 20 सितंबर 2026 तक सर्वे कार्य किया गया था। सर्वे के बाद अब आबादी पट्टा सत्यापन की प्रक्रिया के लिए संबंधित हितग्राहियों को आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। नगर पालिका द्वारा इस संबंध में मुनादी कराकर आम नागरिकों को जानकारी दी जा रही है ताकि पात्र हितग्राही निर्धारित समय-सीमा में अपने दस्तावेज उपलब्ध करा सकें।

नगर पालिका की सूचना के अनुसार आबादी पट्टा सत्यापन के लिए 20 अगस्त 2017 के पूर्व जारी दस्तावेजों में से उपलब्ध दस्तावेज प्रस्तुत किए जा सकते हैं। इनमें प्रमुख रूप से भारत निर्वाचन आयोग/राज्य निर्वाचन आयोग की मतदाता सूची, बिजली बिल, टेलीफोन बिल, नगर पालिका का संपत्तिकर/समेकितकर रसीद, जलकर भुगतान रसीद, भवन अनुज्ञा/दुकान अनुज्ञा, अधिनियम के तहत पूर्व में जारी पट्टा, आधार कार्ड या ड्राइविंग लाइसेंस को शामिल किया गया है।



पट्टा सर्वे टीम का बैठक लेकर दिए निर्देश

नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा पट्टाधृति अधिकार अधिनियम, 2023 के तहत आबादी पट्टा वितरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी क्रम में आज नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर नरेन्द्र पैकरा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नारायण साहू ने आबादी पट्टा सर्वे कार्य में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर अब तक किए गए सर्वे कार्य की समीक्षा की। बैठक में अधिकारियों एवं कर्मचारियों से वार्डवार किए गए सर्वे, चिन्हांकित प्रकरणों तथा सर्वे के दौरान सामने आई जानकारी के संबंध में चर्चा की गई। अधिकारियों ने आबादी पट्टा सर्वे से संबंधित दस्तावेजों के परीक्षण एवं सत्यापन की प्रक्रिया को नियमानुसार और गंभीरता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

स्वयं उपस्थित होकर जमा करें दस्तावेज

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नारायण साहू ने बताया कि वे निर्धारित आवेदन प्रारूप एवं शपथ पत्र के साथ 7 दिवस के भीतर जिला कार्यालय कलेक्टर, कबीरधाम के कक्ष क्रमांक-25 में स्वयं उपस्थित होकर दस्तावेज प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। उन्होनें बताया कि आबादी पट्टा सत्यापन की प्रक्रिया के लिए निर्धारित दस्तावेज समय पर प्रस्तुत करना आवश्यक है। इसके लिए नगर क्षेत्र में मुनादी के माध्यम से भी नागरिकों को सूचना दी जा रही है सूचना को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करें, ताकि आबादी पट्टा सत्यापन एवं आगे की प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके।

मेधावी विद्यार्थी किए गए सम्मानित

- उपमुख्यमंत्री ने प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो प्रदान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

ग्राम जिंदा में 2 अक्टूबर को लोधी समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में लोधी क्षत्रिय समाज कवर्धा राज की ओर से कक्षा 10 वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में कवर्धा विधायक एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर कक्षा 12वीं में 81 प्रतिशत अंक हासिल करने वाली निकिता कौशिक, पिता शत्रुघन कौशिक को लोधी क्षत्रिय समाज कवर्धा राज की ओर से प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इसी तरह कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले वसुंधरा, पिता दौलत, दुर्गावती, पिता अनूप तथा नितेश, पिता मोरजध्वज को भी सम्मानित किया गया। वहीं कक्षा 10 वीं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले चंचल, पिता भेखराम, देवकी, पिता कुंभज, भगवती, पिता ओंमकार तथा राजेश्वरी, पिता बसंत को भी प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने विद्यार्थियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को इसी तरह निरंतर मेहनत करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने तथा अपने परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भी मेधावी विद्यार्थियों के उज्ज्वल

